


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 224

ग्वालियर, मंगलवार, 5 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## हाईवे और तिकुनिया जाने वाले रास्तों पर पुलिस पीएसी लगाकर बैरियर लगाए गए

# लखीमपुर में भारी तनाव, जिले की सभी सीमाएं सील धारा-144 लागू

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा में तनाव बढ़ने के बाद पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारी संख्या में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को लगाया गया है। आसपास के जिलों और मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों को भी खीरी भेजा गया है। हाईवे और तिकुनिया जाने वाले रास्तों पर पुलिस पीएसी लगाकर बैरियर लगाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने एयर पोर्ट स्टेशन अथॉरिटी को पत्र लिखकर दूसरे राज्यों से आने वाले विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं को रोकने के लिए कहा है। खीरी में हुई हिंसा में किसानों समेत आठ की मौत के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री



अजय मिश्र के बेटे आशीष समेत 14 लोगों के खिलाफ तिकुनिया पुलिस थाने में हत्या साजिश रचने और बलवे के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। किसानों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है। इस मामले में खीरी तिकुनिया जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हाउस अरेस्ट किया गया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को पुलिस टीमों ने सीतापुर के पास से हिरासत में ले लिया। प्रियंका गांधी की पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई उन्होंने कहा कि वह कोई अपराध करने नहीं जा रही हैं उन्हें तिकुनिया जाने से क्यों रोका जा रहा है। पीड़ित परिवारों से मिलने और उनका दर्द साझा करने के लिए जा रही हैं। लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया। सपा के वरिष्ठ नेता अतुल प्रधान को मेरठ में ही रोक दिया गया। उनको बाहर नजरबंद किया जा रहा है। रविवार शाम को हुई खीरी में हिंसा और आठ लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में तनाव बना हुआ है। तिकुनिया जाने वाले सभी रास्तों पर बैरियर लगा दिए गए हैं।

## मृतकों के परिवारों को 45-45 लाख रुपये और सरकारी नौकरी

**नई दिल्ली।** लखीमपुर हिंसा को लेकर किसानों और अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद समझौता हो गया है। सरकार और किसानों के बीच छह दौर की वार्ता के बाद सहमति बन पाई। योगी सरकार ने मृतकों के परिवार को 45 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मरने वालों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही घायलों को 10 लाख दिए जाएंगे। वहीं घटना की न्यायिक जांच करने का वादा भी किया गया है। यह जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। लखीमपुर खीरी में रविवार को हुई हिंसा को पूरे प्रदेश बवाल मचा है। लखनऊ में लखीमपुर जाने से रोकने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। अखिलेश ने कहा कि किसानों पर अंग्रेजों के शासन से भी ज्यादा जुल्म भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के इस्तीफे और किसानों को 2-2 करोड़ का आर्थिक सहायता देने की भी मांग की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वहीं प्रियंका खीमपुर जाते समय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें सीतापुर के गेस्ट हाउस में रखा गया है। यहां प्रियंका गांधी ने गेस्ट हाउस के कमरे में झाड़ू लगाकर विरोध जताया। उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है।

**1-घटना की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज के कराई जाएगी न्यायिक जांच।**
**2-मृतकों के परिवार के एक-एक सदस्य को योग्यता के अनुसार मिलेगी सरकारी नौकरी।**
**3-मृतकों के परिवार को 45-45 लाख और घायलों को 10-10 लाख रुपये मिलेगा मुआवजा।**
**4-जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई होगी।**

## खास खबर

### वॉटरफॉल पर सेल्फी लेने के दौरान 140 फीट नीचे गिरे व्यक्ति की बची जान

**बेलागवी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले के गोकक वॉटरफॉल पर सेल्फी लेने के दौरान 140 फीट नीचे गिरे व्यक्ति की जान बच गई हैं।व्यक्ति की पहचान कलबुर्गी जिले के जेवर्गी निवासी प्रदीप सागर (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सामाजिक कार्यकर्ता अयूब खान की सहायता से पुलिस टीम द्वारा बचे सागर को केवल मामूली चोटें आई है। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वह अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सागर वॉटरफॉल जिसे कर्नाटक का नियाग्रा कहा जाता है, वहां घूमने गए थे। व्यूपॉइंट के पास एक बोल्डर पर खड़े सेल्फी लेते समय वह फिसल कर खाई में गिर गए। उनके दोस्तों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने शनिवार आधी रात के बाद तक झरने के पास उनकी तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। हालांकि, उनका मोबाइल फोन हर समय बजता रहा। आखिरकार रविवार को सुबह करीब 4 बजे सागर ने अपने दोस्तों को फोन किया। दोस्तों ने उसके सुरक्षित होने की पुष्टि करने के बाद फिर पुलिस को सूचना दी।

### प्रकाश सिंह बादल बोले- नए कृषि कानूनों को लेकर केंद्र ने शिअद को धोखा दिया

**पटियाला।** कृषि कानून को लेकर मचे बवाल के बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर शिरोमणि अकाली दल और किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आश्वासन दिया था कि वह उनसे राय मश्विरा करे बगैर कृषि अध्यादेशों को कानून का रूप नहीं देगी, लेकिन अपनी बात से वह पलट गई। यहां शिअद की एक रैली में बादल ने कहा, 'जब अध्यादेशों को कानून में तब्दील करने के लिए संसद में विधेयक पेश किए गए थे तो लगा था कि मुझे धोखा दिया गया, इससे मुझे तकलीफ हुई।' बादल ने कहा कि उन्हें लगा था कि भाजपा, कांग्रेस से अलग होगी।

### नवादा में शराब माफिया को पुलिस टीम पर हमला, थानाध्यक्ष सहित 6 पुलिसकर्मी घायल

**नवादा।** बिहार में इन दिनों शराब माफिया बेखौफ होकर पुलिस टीम पर हमला कर अपने वर्चस्व को कायम रखना चाहता हैं। खबर नवादा से हैं, जहां शराब मामले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब माफियाओं ने हमला कर दिया। हमले में गोविंदपुर थानाध्यक्ष सहित 6 पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बकसोती पंचायत के लखपत बिगहा गांव की है। रविवार की देर शाम पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी करने गई थी। गांव में घुसते ही रात 9 बजे के करीब पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। जिसमें गोविंदपुर थानाध्यक्ष डॉ नरेंद्र शर्मा एवं चालक सुनील कुमार सहित छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। शराब कारोबारी राजेंद्र यादव उर्फ बुधन के यहां पुलिस छापेमारी करने गई थी। कुछ दिन पूर्व गोविंदपुर पुलिस इलाके अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त की थी, जिसमे बुधन यादव मुख्य अभियुक्त था, उसी की गिरफ्तारी के दौरान यह घटना हुई। रोड़ेबाजी की इस घटना में गोविंदपुर पुलिस के वाहन को भी क्षति पहुंची है।

### देश के कई राज्यों में डेंगू और मलेरिया का कहर

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के साथ डेंगू और मलेरिया पांव पसार रहा है। देश के कई हिस्सों में डेंगू और मलेरिया का कहर जारी है। सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश से सामने आ रहे हैं। यहां ज्यादातर जिलों में लगभग हर दिन मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन इसके लिए लगातार नए कदम उठा रहा है। इसके लिए प्रशासन आस-पास के इलाकों में गंदे नालों की साफ-सफाई करवा रहा है ताकि मच्छर पनप ना पाएं।

## चीन ने ताइवान में उड़ाए तीन दिन में 100 लड़ाकू विमान



**नई दिल्ली।** चीन अपनी बदमाशियों से बाज नहीं आ रहा है। ड्रैगन ने ताइवान के रक्षा क्षेत्र के ऊपर से लगभग 100 सैन्य विमान उड़ाए, जिसके बाद से ताइवान ने भी चीन को चेतावनी देने के लिए अपने विमान भेजे थे। अब इस मामले पर अमेरिका भी भड़क गया है और उसने चीन को चेतावनी दे दी है। अमेरिका ने इस मामले पर चीन से उसकी उकसाने वाली सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए कहा है। अमेरिका ने अपने बयान में कहा , हम बीजिंग से अपील करते हैं कि वह ताइवान पर सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव और दंडात्मक कार्रवाई रोके। ताइवान के रक्षा मंत्रालय न बताया कि चीन की वायु सेना ने शुक्रवार, शनिवार और रविवार को फिर से सैन्य विमानों को भेजा था। अकेले शनिवार को 39 विमानों को ताइवान के क्षेत्र में देखा गया था। ताइवान पिछले 1 साल से चीन की ऐसी घटिया हरकतों की शिकायत करता आ रहा है लेकिन चीन अपनी चालाकियों से बाज नहीं आ रहा है। चीन ने अभी तक अपनी गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं की है, और यह स्पष्ट नहीं है कि बीजिंग ने मिशनों को माउंट करने का निर्णय लेने का क्या कारण हो सकता है। हालांकि शुक्रवार को देश का राष्ट्रीय दिवस था। इससे पहले अपने बयानों में चीन कह चुका है इस तरह की उड़ानें देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए थीं और इसका उद्देश्य ताइवान और अमेरिका के बीच मिलीभगत के खिलाफ है। बयान में कहा गया कि अमेरिका ताइवान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है और वहां की सरकार की पर्याप्त आत्मरक्षा क्षमता के लिए मदद करना जारी रखेगा। गृह युद्ध के बाद 1949 में ताइवान और चीन अलग हो गए थे। कम्युनिस्ट समर्थकों ने चीन पर कब्जा कर लिया था और उसके प्रतिद्वंद्वी नेशनलिस्ट समर्थकों ने ताइवान में सरकार बनाई थी। ताइवान चीन के पूर्वी तट से 160 किलोमीटर दूर है और उसकी आबादी 2.40 करोड़ है। चीन पिछले एक साल से अधिक समय से ताइवान के दक्षिण में लगातार सैन्य विमान भेज रहा है।

## प्रियंका गांधी के बाद अखिलेश और राम गोपाल हिरासत में




**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी घटना को लेकर यूपी में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। लखीमपुर खीरी किसानों से मिलने निकली प्रियंका गांधी ने पूरी रात यूपी पुलिस की नींद उड़ा दी। आखिरकार सीतापुर पुलिस ने हरगांव में उन्हें सुबह 4 बजे गिरफ्तार कर लिया। वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को हिंसाग्रस्त जिले जाने से रोक दिया गया जिसके विरोध में सपा मुखिया अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद अखिलेश को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सपा के सैकड़ों समर्थकों और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक और धक्कामुक्की हुई। इस बीच गौतमपल्ली थाने के पास कुछ अराजक तत्वों ने एक पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता एवं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई घटना की कड़ी निंदा की है। तृणमूल ने सोमवार को पार्टी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को घटनास्थल पर भेजने की भी घोषणा की है। अखिलेश व शिवपाल के आवास पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस उन्हें आगे बढ़ने से रोक रही है। इटौंजा थाने में बंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सुबह छोड़ा गया उनकी लेकिन 1 दर्जन से ज्यादा गाड़ियां सीज़ की गईं। प्रियंका अब भी सीतापुर पुलिस लाइंस में। 9-15 बजे लखीमपुर के लिए निकलेंगे प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव यूपी के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने लखनऊ एयरपोर्ट से छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल और पंजाब के उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर एस.रंधावा को एयरपोर्ट पर उतरने की इजाजत नहीं देने को कहा।







# दिनारा पुलिस ने रेत से भरा डम्फर पकड़ा, रेत चोरी का मामला दर्ज



**शिवपुरी।**
लगातार किसानों की समस्या को लेकर कलेक्टर से लेकर मंत्री और प्रधानमंत्री तक परेशान है। पर शिवपुरी जिले में किसानों की हालात बद से बदतर होती जा रही है। हालात यह है कि एक तरफ तो पूरे जिले में बाढ से किसानों की फसले पूरी तरह चौपट हो गई है। वही दूसरी और शिवपुरी में अधिकारी किसानों के धैर्य की परीक्षा लेने में लगे हुए है। हालात यह है कि इस मौसम में अब किसानों को बारिश की फसल बरबाद होने के चलते सरसों,चना की फसल के लिए डीएपी खाद की जरूरत है। इसी के चलते किसान अब खाद के लिए दर दर की ठौंकरे खाने को मजबूर है। हालात यह है कि दो से चार कट्टों के लिए किसान जिला मुख्यालय पहुंच रहे है। परंतु यहां भी हालात यह है कि यहां जिम्मेदार अधिकारी किसानों को परेशान कर रहे है। बताया गया है कि इस बार मठाधीश राकेश पाराशर के मठ के ढहते ही हालात यह हो गए है कि सहकारिता विभाग में कोई भी जिम्मेदार जिम्मेदारी लेने तैयार नही है। इसी के चलते अब जिले में सोसाईटीयों पर खाद नहीं पहुंच सका है। हवाई पट्टी के पास लुधावली क्षेत्र में किसान भूखे प्यासे सुबह 6 बजे से अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। यहां हालात यह है कि बाहर स्थिति गुमटी पर दुकानदार पानी का पाउच भी अब 5 रूपए में दे रहा है। दूर दूर तक पानी नहीं होने के चलते किसान परेशान है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां जो खाद वितरण करने आए है वह सिर्फ व्यापारियों को खाद दे रहे है। किसान यहां सुबह से लाईन लगाकर खडे है। यहां कोई सुनने वाला नहीं है। यहां अधिकारी महज एक छोटी सी खिडकी पर अंदर बैठकर किसानों की पर्चियां बना रहे थे और किसान अपनी बारी के लिए मारामारी पर उतारू दिखाई दे रहे थे। इस मामले की सूचना पर दैनिक नवनीत एक्सप्रेस की टीम मौके पर पहुंची और इस मामले से एसडीएम गणेश जायसबाल को अबगत कराया। एसडीएम ने तत्काल तहसीलदार बीएम कुशवाह को मौके पर भेजा। परंतु यहां हालात यह बने की तहसीलदार ने किसानों की समस्या को सुनने के लिए गाडी से उतरना भी मुनासिब नहीं समझा और बाहर ही खाद प्रभारी को बुलाकर वहां से चले आए।

### इनका कहना है

हम यहां आए है अब हमने व्यवस्था बनाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारीयों को बता दिया है वह अपने लोग यहां भेज रहे है। जिससे अभी एक ही काउण्टर चल रहा है वह एक और प्रारंभ हो जाएगा। जिससे किसानों को सहुलियत के साथ खाद मिल सकेगा।

## डॉ राजेन्द्र पवैया के घर से बाइक चो

**शिवपुरी।**
शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के श्रीराम में अपने बच्चे को दिखाने गए एक युवक की मोटरसाइकिल को चोरों ने निशाना बनाते हुए पार कर दिया। इस दौरान चोर अपनी मोटरसाइकिल भी छोड गए। जिसपर पुलिस लिखा हुआ है। इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार देवेन्द्र धाकड निवासी वार्ड नंबर 6 नरवर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया है कि वह अपने बच्चे को दिखाने डॉ राजेन्द्र पवैया के यहां श्रीराम कॉलोनी में अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 33 एमएम 1074 से आए थे। तभी किसी अज्ञात आरोपी यहां से मोटरसाइकिल को लेकर फरार हो गया। बताया गया है चोर एक मोटरसाइकिल भी मौके पर छोड गया है जिसमें पुलिस लिखा हुआ है। साथ ही इस मोटरसाइकिल का जब चैचिस नंबर से छानबीन की तो नो रिकॉर्ड फाउंड बता रहा है। इस जो मोटरसाइकिल चोर छोडकर गया है उसकी टंकी में पेट्रोल भी नहीं है। इस मामले में पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

## मोबाईल की दुकान से सट्टा चला रहे सटोरिए को सबा लाख रूपए के साथ पकड़ा

**शिवपुरी।**
रविवार को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण भूरिया, प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में आईपीएल का सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना ??? भौंती पुलिस ने 136450 रुपए एवं तीन मोबाइल जप्त किए । थाना भौंती पर मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि भौंती में मोबाइल की एक दुकान आरोपी पवन साहू पुत्र रामसेवक साहू उम्र 30 साल निवासी आईपीएल का सट्टा खेला जा रहा है उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर उनके मार्गदर्शन में प्रभारी भौंती उपनिरीक्षक रणवीर सिंह चौहान द्वारा पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो मोबाइल की दुकान में से एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा,आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपनी आईडी से आईपीएल मैच पर ग्राहकों से रुपयों का दाम लगाकर हार जीत का सट्टा खेल रहा था स्वयं ग्राहकों से सट्टा का दाव लगाने पर 3त्न कमीशन खा रहा था उक्त आरोपी के पास से सट्टे में प्रयुक्त तीन मोबाइल एवं 136450 विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 294/21 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भौंती उनि रणवीर सिंह चौहान प्रभारी साइबर सेल दीपक शर्मा ईडी प्रभारी प्रवीण त्रिवेदी प्रआर देवेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, अनूप हरेंद्र आर. विकास, देवेंद्र सेन, आलोक की अहम भूमिका रही।

## कलेक्टर ने वनाधिकार पट्टो के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश  समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



**शिवपुरी।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने एसडीएम, जनपद सीईओ, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को वनाधिकार पट्टे के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप पट्टा वितरण की कार्यवाही करें। उन्होंने सी.एम.हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा वनाधिकार पट्टा वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। संबंधित अधिकारी उन निर्देशों का अवलोकन कर अपने क्षेत्रों में पट्टा वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। ऐसे किसान जिनकी बोनी की फसल नष्ट हुई है, उनका सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि गेहूं उपार्जन, धान खरीदी, किसान पंजीयन के कार्य में प्रगति सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही नए बारदाने की आवश्यकता का आंकलन कर पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली और निर्देश दिए कि शेष रह गए सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना, अंकुर अभियान, पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, खाद्यान्न वितरण, कोविड वैक्सीनेशन, न्यायालय में लंबित प्रकरण, रोजगार, कृषि, खनिज, उद्योग, पेंशन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# शिवपुरी में खाद के लिए मारामारी, तहसीलदार किसानों को देखते ही भाग गए, पानी का पाउच 5

**शिवपुरी।** जिला पुरातत्व, पर्यटन पवं संस्कृति परिषद् शिवपुरी द्वारा वर्तमान परिदृश्य में कोरोना के प्रभाव के कारण होम स्टे की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए होम स्टे संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं निजी क्षेत्र के हितधारको को योजना से जो?कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नवीन अवसर प्रदान करने हेतु कार्यशाला रखी गयी है। यह कार्यशाला 6 अक्टूबर को होटल सुखसागर, शिवपुरी में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर सह नोडल अधिकारी, जिला पुरातत्व, पर्यटन पवं संस्कृति परिषद शिवांगी अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला मध्यप्रदेश टूरिज्म बोड, भोपाल द्वारा प्रदेश में होम स्टे संस्कृति के प्रचार-प्रसार, पर्यटको को स्थानीय संस्कृति, परिवेश का अनुभव प्रदान करवाने प्रदेश में निजी क्षेत्र की सहभागिता से आवासीय कक्ष की संख्या में वृदधि करवाने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सूजन करने हेतु होम स्टे स्थापना (पंजीयन तथा नियमन) योजना के तहत रखी गई है। हितधारको एवं बाजार के



अनुरूप तीन नवीन योजनाओं यथा बेड एण्ड ब्रेकफास्ट स्थापना योजना, फार्मस्टे स्थापना योजना, ग्राम स्टे स्थापना योजना को लागू किया गया है। कार्यशाला में नवीन पंजीयन हेतु इच्छुक निजी क्षेत्र के ऐसे हितधारक जो अपने आवास के अतिरिक्त कक्षों को पर्यटकों हेतु उपलब्ध कराना चाहते हैं, अपने आवास को पर्यटको हेतु ठहरने के लिए प्रदान करना चाहते हो अथवा शिवपुरी के समीप फार्म हाउस या ग्रामीण परिवेश के घरों को पर्यटकों हेतु उपलब्ध कराना चाहते हो, टूर ट्रेवल्स एसोसिएशन प्रतिनिधि, होटल एसोसिएशन में प्रतिनिधि एवं जमीनी स्तर पर कार्यरत शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को शामिल किया जायेगा। उक्त कार्यशाला में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड, भोपाल के प्रतिनिधियों द्वारा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के पश्चात् अगले दिन इच्छुक हितधारकों के नवीन पंजीयन हेतु आवेदन पत्र भरने संबंधी कार्यवाही की जाएगी। कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक, म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम ग्वालियर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, शिवपुरी के सहयोग से किया जा रहा है।इच्छुक व्यक्ति अपना नाम उक्त कार्यशाला में नामांकित करने के लिए मोबाइल नम्बर, नाम एवं पता सहित डीएटीसीसी कार्यालय एवं होटल सुखसागर में तथा डीएटीसीसी के अशासकीय सदस्य कु.अरविंद सिंह तोमर को मो. 9893710466 एवं रामपाल सिंह कुशवाह मो. 9301541706 को 5 नवम्बर को शाम 5 बजे तक दर्ज करा सकते है। (2)

### कलापथक दल के कलाकारों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी। महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के अवसर पर आयोजित मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत शासकीय कलापथक दल के कलाकारों द्वारा जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत नरवर एवं ग्राम पंचायत निजामपुर एवं करई में कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रमों में शासकीय कलापथक दल के कलाकारों द्वारा समाज में ब?ती मद्यपान की प्रवृत्ति, नशीली दवा और मादक पदार्थों के दुष्परिणाम से ग्रामीणजन को अवगत कराया।

## ऑटो का कांच फोडने को लेकर विवाद, युवक ने खाया जहर

**शिवपुरी।**
शिवपुरी शहर के देहात थाना अंतर्गत तुलसी नगर निवासी एक युवक को जहर खाने के बाद इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। युवक का बीते रोज पड़ोस के व्यक्ति से ऑटो का कांच फोडऩे पर विवाद हुआ था। इसी के चलते उसने जहर खाया,युवक का आरोप है कि फरियादी और पुलिस उससे रुपए की मांग कर रही है। जहर खाने वाले युवक गिर्राज कुशवाह (22) का शनिवार रात पड़ोस में रहने वाले माइकल नाम के व्यक्ति से उसकी टैक्सी का कांच फोडऩे पर विवाद हो गया था। माइकल ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज करवा दी। परिजनों के अनुसार उसके बाद पुलिस घर के कई चक्कर गिर्राज की तलाश में काट गई। इसी के चलते रविवार को दोपहर गिर्राज ने जहर खा लिया। वहीं गिर्राज ने कहा कि जिन लोगों से उसका झगड़ा हुआ वह लोग और पुलिस उसे परेशान कर रही है। रुपए के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसी के चलते उसने जहर खाया है, क्योंकि मेरी मम्मी पर रुपए नहीं हैं। इस पूरे मामले में एसपी राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि यह आरोप निराधार हैं। जिस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत हुई है, उसकी तलाश में उसके घर पुलिस एक नहीं कई बार जाती है। इसके वाबजूद आरोपों की सत्यता की जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## डाल पर बैठा था 12 फीट लंबा अजगर; पकडकर जंगल में छोड़ा

**शिवपुरी।** शिवपुरी में एक पे? पर 12 फीट लंबा अजगर शिकार के बाद आराम करता दिखा। सूचना के बाद रेंजर और सांप पक?ने वाली एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची। अजगर को बांस में हुक लगाकर पे? से नीचे गिराया गया और फिर पक?कर जंगल में छो?ा गया।बात सोमवार की सुबह शहर के सिंधिया ट्रस्ट की छत्री कॉलोनी की है।



जहाँ एक अजगर पे? पर करीब 20 फीट ऊपर बैठा था। मामले की जानकारी तत्काल नेशनल पार्क की रेंजर पिंकी रघुवंशी को दी गई। इसके बाद वे एक्सपर्ट दाताराम, नरेंद्र कुमार सहित टीम के साथ मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने अजगर को पे? से नीचे उतारने के लिए लोहे के हुक लगे एक लंबे बांस का सहारा लिया।

## जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी



शिवपुरी।कोराना की दूसरी लहर में अनेक लोग असमय काल के गाल मे समा गए। कुछ मृतकों को तो अपनो के हाथों मुखाग्नि भी नसीब नही हो सकी ऐसे लोगों का अंतिमसंस्कार करने के लिए कई संगठन और कई समाजसेवी सामने आए जिन्होंने लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार किया। एक ऐसा ही संगठन है जिसका नाम है जय माई मानव सेवा समिति जिन्होने कोरोना काल मे हुई मौतों के बाद जो लावारिस अस्थि कलश थे उन्हें  पूरे सम्मान के साथ मां गंगा की गोद में प्रवाहित करने का दायित्व उठाया था। अभी पितृपक्ष के दिन जारी हैं। इस अवसर पर जय माई मानव सेवा समिति द्धारा कोरोना के दूसरी लहर में असमय मौत के शिकार हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन रविवार × अक्टूबर को शहर के माधव चौक चौराहे पर किया गया जिसमें जय माई मानव सेवा समिति के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया और कार्यक्रम मे भाग लिया। जैसा कि आप।जानते हैं जय माई सेवा समिति सेवा कार्य मे हमेशा आगे रहती है। जरुरतमंदों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करना, कोविड19 वैक्सीनेशन के लिए कैंप का आयोजन करना, कोरोना काल में जरूरतमंदों की मदद करना जैसे सभी सेवा कार्यों मे  समिति ने अपना योगदान दिया है और आगे भी समिति नर सेवा ही नारायण सेवा है इस विचार के साथ अपना योगदान देती रहेगी।

## पहले बेटी को अब 18 वर्षीय नातिन को भी मार दिया, कारण पूछने पर कुछ भी नहीं बता रह



**शिवपुरी।**
सिम को पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के पास ग्राम श्यामाटोर थाना ईसागढ जिला अशोकनगर ने एक वृद्ध ने शिकायत करते हुए अपनी बेटी और अब नातिन की मौत को संदेहाश्पद बताते हुए आरोपीयों पर कार्यवाही की मां की है। पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए तुलसीराम यादव उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम श्यामाटोरी थाना ईसागढ़ जिला अशाोकनगर ने एक आवेदन के माध्यम से बताया कि आज से करीब 20 साल पहले उसने अपनी लड़की आदेश की शादी ग्राम दोलतपुर में हरपालसिंह यादव ने की थी। शादी के तीन साल बेटी की मौत आग लगने से हो गई और वह अपने पीछे एक लड़की जिसका नाम सोनम है छोड़ गई। बेटी की मौत के करीबन तीन साल बाद हरपालसिंह ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद उसकी नातिन कुछ दिन अपने पिता के पास रही उसके बाद नाना के यहां आ गई यहां करीब 6 साल तक रही। इसी दौरान जब नातिन 18 साल की हुई तो उसकी सगाई सुनाज में कर दी गई लेकिन 30 सितंबर को मुझे फोन आया कि सोनम की तबीयत खराब हो गई है और उसकी मौत हो गई। जिस पर खबर सुनते ही हम दौलतपुर पहुंचे जहां देखा तो नातिन की मौत हो गई थी। जब पूछा कि मौत कैसे हुई तो कोई जबाव नहीं दिया और बिना पीएम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में तुलसीराम ने कहा कि उसे शक है कि उसकी नातिन को इन्हीं लोगों ने कुछ खिलाकर मार दिया है अत~ मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अस्पताल में भर्ती मरीजों से किया संवाद

## मरीजों ने स्वास्थ्य मंत्री को जिला चिकित्सालय में मिल रहीं सुविधाओं से अवगत कराया

**भिण्ड ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री प्रभुराम चौधरी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से जिला चिकित्सालय भिण्ड के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी ली एवं मिल रहे उपचार की स्थिति पर चर्चा की, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मरीजों से जिला चिकित्सालय भिण्ड में ट्रीटमेंट एवं दवाओं और खाने-पीने की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी को जिला चिकित्सालय भिण्ड में मिल रहीं सुविधाओं से अवगत कराते हुये बताया कि ट्रीटमेंट, दवाऐं, और भोजन की अच्छी व्यवस्था की गई है। एवं पदस्थ स्टाफ के द्वारा पूरा ख्याल रखा जा रहा है। हम अस्पताल में भर्ती रहकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। यहॉ पर हमें समस्त सेवाऐं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रहीं है।

स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने प्रसूता महिला से चर्चा कर डिलिवरी से पूर्व चिकित्सालय कैसे पंहुची और डिलिवरी पूर्व जॉचों के सम्बंध में जानकारी ली। प्रसूता महिला द्वारा मंत्री जी को बताया गया कि चिकित्सालय



आने के लिये चिकित्सालय की ओर से जननी एक्प्रेस वाहन द्वारा लाया गया एवं चिकित्सक परामर्श अनुसार सारी जॉचे समय पर की गई हैं। जिला चिकित्सालय भिण्ड में प्राप्त हो रहे उपचार एवं यहां मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्णतः संतुष्ट है। एवं मरीजों ने अस्पताल की साफ-सफाई एवं भोजन व्यवस्था के सम्बंध में संतुष्टि जताई।

अततः स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने वीडियों कॉन्फ्रेंस में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अजीत मिश्रा से चर्चा कर कहा कि मरीजों की सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जावे यदि किसी प्रकार की अतिरिक्त आवश्यकता हो तो उस सम्बंध में शासन को अवगत कराया जावे। सिविल सर्जन, डॉ. अनिल गोयल, एवं आरएमओ डॉ. सौरभ जैन वीडियों कॉन्फ्रेंस में उपस्थित रहे।

## श्री मद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के रसपान में उमड़ा भक्तो का जन सैलाव

**भिण्ड।** जिले के मिहोना नगर के चतुर्वेदी मैरिज गार्डन में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजित किया गया। जिसमें परीक्षत श्रीमती रंजना नेवप्रकाश (लला) सोनी एवं भगवत कथा सरस कथा वाचक पंडित श्री कैलाश नारायण शास्त्री जी उगाई खेरा आश्रम के द्वारा संयुक्त रूप से श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है कथा में सोमवार को सप्तम दिवस की कथा में बोलते हुए शास्त्री जी द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए साथ ही परीक्षत मोक्ष के संबंध में लोगों को बताया गया साथ ही सामाजिक बुराइयों के सम्बंध में प्रकाश डाला जिसमे प्रमुख रूप से नशा मुक्ति के बारे में बताया कि व्यसन कई प्रकार के होते हैं हमें आंतरिक और बाहरी व्यसन का त्याग करना चाहिए। विकारों से बचना चाहिए जिस तरह हमारे शरीर में काम क्रोध मद विराजमान हैं उसी तरह भौतिक रूप से शराब, गांजा, स्मेक, भांग, भी बाहरी रूप से हमारे शरीर का नुकसान करते हैं अच्छे जीवन यापन के लिए व्यसन का त्याग करना अति आवश्यक है।



## ऋषीश्वर महाविद्यालय फूप में एन.सी.सी कैडेट की भर्ती सम्पन्न

**भिण्ड।** सोमवार को ऋषीश्वर महाविद्यालय फूप में 30 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. भिण्ड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा के निर्देशन में प्रथम वर्ष कैड्टस भर्ती के लिए छात्रों ने झोंकी ताकत कोविड 19 गाइडलाइन के तहत भर्ती प्रक्रिया में सोशल डिस्टेन्सिंग मास्क व सैनिटाइजर का विशेष ध्यान रखा गया। इस नवीन भर्ती में 135 छात्रों ने भाग लिया जिसमें लम्बाई, पुसप, पुलप्स व दौड़ के द्वारा छात्रों को मापा व परखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी संगठन से कई अवसर प्राप्त होते हैं। वहीं एन.सी.सी अधिकारी लेप्टी. डॉ. कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया व प्रोफेसर गजेन्द्र कुमार शर्मा ने छात्रों को एन.सी.सी से होने वाले लाभ के बारे बताया। भर्ती प्रक्रिया में एन.सी.सी बटालियन से सूबेदार राजवीर सिंह तोमर व बीर बहादुर सिंह भदौरिया, प्रदीप सिंह ने छात्रों का शरीरिक परीक्षण किया। इस अवसर सी.अ.ओ. पवन यादव, अ.ओ. मनोहर सिंह, अनुराग शर्मा, अनिकेत सिंह राठौर, विकास शर्मा आकाश कुमार, मोहित सिंह, अंकित कुमार, ओमकार, पवन सिंह तोमर, अरुण सिंह, पंकज सिंह, आदि कैडेट्स उपस्तिथ रहे।

## राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खण्डेलवाल ने योजनाओं की समीक्षा की

**भिण्ड ।** राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खण्डेलवाल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, प्रधानमंत्री बंदना योजनाओं की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में की। समीक्षा के दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार, बीआरसी भिण्ड सतेन्द्र सिंह कुशवाह, सीडीपीओ, सुपरवाईजर सहित संबंधित विभागो के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खण्डेलवाल ने महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजरों से वन-टू-वन चर्चा कर कुपोषण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आप लोगों को माताओं को यह बताना होगा कि पोषण आहार में क्या-क्या बच्चे को दिया जाना चाहिए। अगर यह जानकारी माताओं को होगी तो वे बच्चो को पोषण आहार वाला भोजन देगी तो अवष्य ही कुपोषण से मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि आप लोग की कुपोषण को दूर करने में महति भूमिका होती है अगर आप अपनी ईमानदारी से काम करेंगी तो निश्चित ही एनआरसी सेंटर पर ताले लगने की संभावना हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की कॉउसलिंग करें इसके साथ ही प्रधानमंत्री मात्र बंदना योजना का




कैसे सदउपयोग किया जाए की जानकारी बताई। राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री खण्डेलवाल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन के योजनाओ की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार हितग्राहियों को लाभ मिले। जिसके लिए आप लोग परस्पर संवाद के माध्यम से काम करें उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि दुकानों की रेण्डम जांच करें। जांच के लिए एक कमेठी का गठन किया जाए। कमेठी में महिला बाल विकास, खाद्य विभाग, जिला पंचायत के सदस्यों को मिलाकर बनाया जाए। राषन दुकान की जांच करते समय उपलब्ध पुस्तिका में स्थिति को अंकित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब भी गांव में निरीक्षण के दौरान जाए तो एक व्यक्ति कई योजनाओं की समीक्षा भी करें। बीपीएल का सेम्पल सर्वे करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने तीन पंचायतो के सम्पल सर्वे के निर्देश डीएसओ को दिए। उन्होंने डीएसओ से कहा कि जिन व्यक्तियों को अस्थाई पर्ची जारी की गई है उनको स्थाई पर्ची जारी करने का पत्र जारी कर कहा जाए कि आपकी अस्थाई पर्ची जारी की गई है और आप स्थाई पर्ची के लिए कार्यवाही करें। समीक्षा के दौरान राशन आवंटन केन्द्रों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

## अकोड़ा जैन मंदिर का वार्षिक मेला महोत्सव सम्पन्न

### पालकी में निकाली भगवान की शोभायात्रा

**भिण्ड।** श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अकोड़ा में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान सुपार्श्वनाथ का वार्षिक मेला महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन में प्रातः काल भगवान का नित्य अभिषेक पूजन एवं सुपार्श्वनाथ महामंडल विधान का आयोजन प्रतिष्ठाचार्य संजय शास्त्री सिहोनियां द्वारा विधि विधान से किया गया तत्पश्चात् भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर संजय शास्त्री ने कहा कि देश के कोने कोने में जैन दर्शन की प्रभावना कर रहे आचार्य भगवंत जिन्होनें हमेशा प्राचीन जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिये कहा है कि सौ नये मंदिर बनवाने से एक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार करायें क्योंकि प्राचीन मंदिरों में प्राचीन परम्परा देखने को मिलती है वहां पर पूजा विधान समय समय पर करते रहना चाहिए। अकोड़ा जैन मंदिर में सुपार्श्वनाथ भगवान के विधान के पश्चात् शोभायात्रा निकाली गई और पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा के दौरान भगवान के द्वारा जलधारा की गई। इस अवसर पर उग्रसेन जैन, विमल जैन, राजेश जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, आकाश जैन, वैभव जैन, विकाश जैन, छोटू जैन आदि लोग बड़ी मात्रा में उपस्थित थे।



## वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के नेतृत्व में हुई नवमीं नक्षत्र वाटिका की स्थापना

### शास्त्रों ने भी नक्षत्र वाटिका की महिमा को गाया एडवोकेट महेश मिश्रा

**भिण्ड।** वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के तत्वाधान में अटेर क्षेत्र के ग्राम बड़पुरा में कौशल किशोर भारद्वाज ने अपने व्यक्तिगत मंदिर पर नक्षत्र वाटिका के लिए जगह दान दी वही नवमीं नक्षत्र वाटिका की स्थापना की गई जहां सर्वप्रथम गायत्री परिवार के सुरेंद्र सिंह चौहान के द्वारा वेद मंत्रों के साथ यज्ञ एवं पौधों का पूजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट महेश मिश्रा एवं जिला नक्षत्र वाटिका प्रभारी धर्मवीर यादव सह प्रभारी राघव उपाध्याय मंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा संतोष शर्मा सोनू बघेल लक्ष्मण सिंह नरवरिया जिला पंचायत सदस्य रविंद्र नाथ बौहरे सरपंच सोई उमेद सिंह राजावत के साथ अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महेश मिश्रा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में सबसे बड़े मित्र है पेड़ों के अभाव में जीवन की कल्पना करना निरर्थक होगा श्री मिश्रा ने बताया की हमारी सनातन संस्कृति में भी पेड़ों को देवों के तुल्य माना गया है एवं वर्तमान समय में भी वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है उन्होंने कहा कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने हेतु हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। वही सभी पौधों के धार्मिक महत्व को बताते हुए कहा नक्षत्र वाटिका की स्थापना साक्षात एक साथ सभी देवों की स्थापना के बराबर है शास्त्रों में इसकी महिमा को विस्तार पूर्वक बताया है। नक्षत्र वाटिका प्रभारी धर्मवीर यादव ने बताया पूर्व में जिला शहर नक्षत्र वाटिका प्रभारी राघव उपाध्याय के द्वारा दिशा अनुसार नक्शा बनाया गया नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों के पौधों एवं दुर्लभ औषधि पौधों के साथ-साथ लगभग 151 अन्य पौधों का रोपण किया गया जिनका हमारे आध्यात्मिक जीवन के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी बहुत बड़ा महत्व है वृक्षों में मुख्यतः रुद्राक्ष पलाश मौलश्री रीठा बहेड़ा आंवला जामुन शमी बेलपत्र जामुन अमलतास सीता अशोक बरगद पीपल आदि पौधों का रोपण किया गया जिनका हमारे दैनिक जीवन के साथ-साथ बहुत सारे औषधीय महत्व है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामेंद्र सिंह भदौरिया जमोरा गुरु नारायण भारद्वाज विजय शंकर मुखिया अशोक भारद्वाज आदि ग्रामीणों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



## बिना बताए घर से गायब किशोरी सुबह लौटी

**भिण्ड।** जिले के मालनपुर थाना क्षेत्र में एक किशोरी अपनी मां की बंदिशों से खफा होकर घर से भाग गई। इस बात की शिकायत किशोरी की मां ने पुलिस थाने में आकर दर्ज कराई। इसके बाद रातभर किशोरी की तलाश चली। सुबह के समय वो अपने दोस्तों के पास से लौट आई।

पुलिस के मुताबिक हरीराम का पुरा में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी का प्रेम प्रसंग घर में किराए से रहने वाले एक युवक से चल रहा था। किशोरी की मां को इस बात का पता है। रविवार की दोपहर करीब 3 बजे किशोरी की मां किसी काम से बाजार गई हुई थी। इसी समय किशोरी घर से बिना बताए कही चली गई। जब शाम करीब सात बजे महिला घर वापस आई तो उसे बेटी के घर से जाने की जानकारी लगी। इसके बाद से महिला ने हर ओर तलाश की परंतु उसकी कोई खबर नहीं लगी। रात करीब साढ़े बजे महिला पुलिस थाने पहुंची और किशोरी के घर से भाग जाने की बात पुलिस को बताई। पुलिस को महिला ने किशोरी के प्रेमी की भी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस ने जब किशोरी के प्रेमी की लोकेशन निकाली तो वो मुरैना में मिली। इसके बाद सोमवार की सुबह 8 बजे किशोरी घर वापस आ गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक परिजनों ने किशोरी के जाने की बात पूछी तो उसने अपने दोस्तों के पास जाने की बात बताई। हालांकि इस मामला में पुलिस ने वैधानिक तरीके से बयान दर्ज नहीं किए।

**पहले भी बिना बताए घर से रह चुकी गायब:** पुलिस के मुताबिक यह किशोरी पिछले महीने घर से बिना बताए गायब हो चुकी है। यह मां और बेटी ही रहते है। पिता हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी होने की वजह से जेल में है। पुलिस के मुताबिक यह दूसरी बार किशोरी द्वारा बिना बताए घर से जाने और लौटकर आने का मामला है।

## बंद पड़े दुग्ध पार्लर जरूरतमंद हितग्राहियों को होंगे आवंटित

**भिण्ड ।** अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास जे.एन. कंसोटिया ने कहा कि प्रदेश में यदि कहीं दुग्ध पार्लर बंद पड़े हैं, तो उन्हें जरूरतमंद हितग्राहियों को आवंटित कर प्रारंभ कराया जाए। श्री कंसोटिया ने यह निर्देश गत दिवस झाबुआ में दुग्ध शीत केन्द्र में निरीक्षण के दौरान दिये। श्री कंसोटिया ने कहा कि शीत केन्द्र का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूरा कर नई मशीनों की स्थापना करें। दूध एवं दुग्ध उत्पाद का संग्रहण एवं विक्रय बढ़ायें।

**एक्स-रे और सोनोग्रॉफी मशीन का भरपूर उपयोग करें:** 0अपर मुख्य सचिव ने पॉलीक्लीनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को स्वस्थ पशुपालन के लिये प्रेरित करें। उन्होंने वर्ष 2021-22 में मात्र 5 एक्स-रे होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा मशीनों का भरपूर उपयोग करने को कहा।

**मवेशियों की टेगिंग करें:** श्री कंसोटिया ने पालतू पशुओं की टेगिंग और बधियाकरण अभियान में 15 से 30 सितंबर तक किये जाने वाले ग्रामवार निकृष्ट सांडो की जानकारी ली। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान कार्य को बेहतर ढंग से करने के लिये ए.आई. प्रशिक्षण करवाने को कहा। श्री कंसोटिया ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों के साथ हितग्राहियों के घर पहुँचकर गौ, भैंस, बकरी और मुर्गी पालन आदि की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान के भी निर्देश दिये।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर मजदूर के साथ मारपीट

**भिण्ड।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के इटावा रोड पर स्थित 17 बटालियन के मैन गेट के पास एक युवक की मजदूरी के पैसे मांगने को लेकर दो लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार इकलाख पुत्र इसराख नबी उम्र 42 वर्ष निवासी खटीक कलारी, खटीक खाना ने बताया कि रविवार शाम 8 बजे वह अपने मजदूरी के पैसे मांगने के लिए क्षेत्र के इटावा रोड पर स्थित 17 बटालियन के मैन गेट के पास गया और उसने आरोपी शैलू राजावत, राजू उर्फ हासिम निवासी भिण्ड से मजदूरी के रुपये मांगे तो उक्त दोनों गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## दो कारों की भिडंत में युवक घायल

**भिण्ड।** गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर हाइवे रोड ग्राम बिरखड़ी के पास एक कार चालक ने तेज व लापरवाही से चलाकर दूसरी कार में टक्कर मार दी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवेन्द्र पुत्र भगवानदास बाल्मीक उम्र 25 वर्ष निवासी शहीद गेट के पास माधौपुरा मुरार ग्वालियर वार्ड क्र.5 नूरगंज ने बताया विगत 17 सिंतबर 2021 दोपहर 2.15 बजे वह क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर हाइवे रोड ग्राम बिरखड़ी से कार क्रमांक एमपी07सीजी7467 से गुजर रहा था, इसी दौरान आरोपी कार क्रमांक यूपी75एडी2730 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और युवक घायल हो गया।

## अम्रत योजना नगर की सड़कों को उखाड़ अब पेड़ो की कटाई को तैयार

भिण्ड। हनुमान खुटी मंदिर के पास नगर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों की शहादतो विभिन्न समय पर श्रद्धांजलि स्वरूप शहीदों को याद करते हुए बृक्षारोपण लगभग 7 बर्षो से किया जाता रहा है। आज लगभग दो सैकड़ा पौधे बृक्ष का रूप ले चुके है एक सुंदर शहीद उपवन का रूप ले लिया गया है। वर्तमान में शासन द्वारा चल रही अम्रत योजना के तहत अपने किसी निर्माण हेतु इन बृक्षों की कटाई पर आमादा है वही पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि शासन, प्रशासन द्वारा आये दिन पर्यावरण सरंक्षण की बात कही जाती है और विभिन्न अवसरों पर बृक्षारोपण किया भी जाता है परंतु वह सांकेतिक एव एक दिन की फोटोबाजी तक सीमित रह जाता है आज यदि पर्यावरण प्रेमियों द्वारा शहीदों की स्मृति में इस उपवन का निर्माण किया है बुद्धजीवियों का कहना है कि हाल ही में देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर पर्यावरण संरक्षण हेतु बृक्षारोपण किया गया वही दूसरी तरफ इस प्रकार की योजनाओं के निर्माण का वैकल्पिक रास्ता खोजे बिना पेड़ो की कटाई गलत है इसमें शासन, प्रशासन की मंशा संदेह जनक है पर्यावरण प्रेमी श्री निवास शर्मा का कहना है कि शहीदों के सम्मान में ओर पर्यावरण सरक्षण हेतु इन पेड़ों को बचाया जाना अति आवश्यक है अम्रत योजना के क्रियान्वयन हेतु वैकल्पिक रास्ता निकालने की शासन प्रशासन से मांग करता हूँ शहीद उपवन में एकत्रित होकर पर्यावरण प्रेमियों ने शपथ ली कि इस उपवन को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जावेगें पेड़ बचाने की इस मुहिम से जुड़ने वालो में सुट्टे कक्का, गिरजेश सैंथिया एडवोकेट, शिवम चौधरी एडवोकेट, अस्वनी त्यागी, सोवरन नरवरिया, जितेंद्र गुर्जर, रामकुमार कक्का, मुन्ना कानुया, जयेंद्र भदौरिया, राजेश व्यास, महेश कौरव, राजेश त्यग्राम पंचायत बिजोरा में अनुसूचित जाति बस्ती के लिए रास्ता ही नहीं।



## कैबिनेट मंत्री की विधानसभा में आजादी के 75वर्ष बाद भी नरककीय जीवन जी रहे लोग

**भिण्ड।** जिले की अटेर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिजोरा मैं अनुसूचित जाति बस्ती माहुरी का पुरा के लिए आजादी के 75 साल बाद भी रास्ता नहीं बन पाया है जिससे आवागमन मैं समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं बस्ती के लोगों ने बताया कि जो रास्ता है उस रास्ते पर दबंग लोगो ने कब्जा कर लिया है। जिसे प्रशासन भी मुक्त नही करा पाया है। रास्ता ना होने के कारण गांव के दबंग लोगों के खेतों से होकर निकलते हैं लोग लेकिन वह लोग निकलने नहीं देते और गाली गलौज करने पर आमद रहते हैं हम लोग जिल्लत और नरकीय जीवन जी रहे हैं। गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्ति को ले जाने के लिए एंबुलेंस बस्ती तक नहीं पहुंच पाती है तब चारपाई पर लिटा कर दूसरे के खेतों से होते हुए सड़क तक लाया जाता है बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है बरसात के समय में तो स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाती है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। बस्ती वासियों ने बताया कि हमने कई बार शिकायतें की इसके बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है सरपंच सचिव ने ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया है कई सीसी रोड बनवाई जिनमें जमकर माल खाया है लेकिन हमारी बस्ती की ओर आने बाली रास्ते को नहीं बनवाया गया। प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया भी इसी विधानसभा से विधायक हैं और अटेर में ही उनका ग्रह गांव होने के बावजूद भी इस क्षेत्र में कोई विकास नहीं हो पाया है आज भी लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं सरपंच प्रेमसिंह को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन आज तक कोई कारवाई नही और सरपंच का कहना है कि माहुरी के पूरा में विवाद होने कारण रोड़ हम रोड़ नही डाल पाएंगे।

## सतर्कता की दरकार

महामारी को लेकर हाल-फिलहाल आए आंकड़े थोड़ी राहत वाले कहे जा सकते हैं। पहला तो यही कि देश में रोजाना संक्रमण के मामले घट कर अब तीस हजार से भी नीचे आ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से यह रुख बरकरार दिख रहा है। इलाज करवा रहे मरीजों की संख्या भी घटती हुई तीन लाख के करीब आ गई है जो पिछले एक सौ छियासी दिनों में सबसे कम है। इन आंकड़ों से एक मोटा निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि महामारी खत्म भले नहीं हुई हो, पर जोर कम पड़ने लगा है। हालांकि केरल और महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में स्थिति अभी भी अच्छी नहीं कही जा सकती। केरल में रोजाना संक्रमण के मामले बीस हजार के आसपास चल रहे हैं। इलाज करा रहे मरीजों का आंकड़ा एक लाख इकसठ हजार से ऊपर बना हुआ है। चिंता की बात इसलिए भी है कि केरल में हालात अभी उतने काबू में नहीं हैं। फिर केरल कोई बहुत बड़ा राज्य भी नहीं है। इसलिए संक्रमण, सक्रिय मामलों और प्रति सप्ताह संक्रमण दर सबसे ज्यादा होना स्थिति की गंभीरता को बता रहा है। महाराष्ट्र की बात करें तो औसतन तीन हजार मामले रोज मिल रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में मिजोरम में प्रति सप्ताह संक्रमण दर पंद्रह फीसद से ज्यादा बनी हुई है। देश भर में देखें तो सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कई राज्य अब कोरोना के खतरे से लगभग निकल चुके हैं। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड आदि उत्तरी राज्यों में संक्रमण के मामलों में कमी बता रही है कि स्थिति कमोबेश सामान्य हो चली है। गौरतलब है कि सितंबर के मध्य में देश में संक्रमण फैलने की दर यानी आर वैल्यू में भी गिरावट आई है। दूसरी लहर के दौरान यह आंकड़ा 1.37 अंक पर बना हुआ था, यानी सौ संक्रमित 137 लोगों को संक्रमित कर रहे थे। पर मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु जैसे महानगरों को छोड़ दें तो बाकी जगहों पर अब यह एक से नीचे आ चुका है। यहां तक कि केरल और महाराष्ट्र में भी यह अब एक अंक से कम है। इन दोनों राज्यों में संक्रमण की फैलाव दर में कमी आना कुछ राहत की बात इसलिए भी है कि पिछले दिनों देश के कुल मामलों में अस्सी फीसद मामले यहीं से आ रहे थे। खतरा अभी टला नहीं है। सितंबर-अक्तूबर के दौरान तीसरी लहर की आशंका काफी समय से जताई जाती रही है। कहने को टीकाकरण अभियान भी जोरों पर है, लेकिन फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि रोजाना पच्चीस-तीस हजार संक्रमितों का आंकड़ा भी छोटा नहीं होता। खासतौर से आने वाले दिनों में त्योहारों का मौसम रहेगा। जाहिर है भीड़ बढ़ेगी और इसके साथ ही संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ेगा। जैसे केरल में दोबारा से हालात बिगड़ने के पीछे बड़ा कारण ओणम और ईद पर बाजारों में अचानक से भीड़ उमड़ना बताया गया था। खतरा ज्यादा इसलिए भी है कि लोगों ने मास्क, सुरक्षित दूरी, बार-बार हाथ धोने जैसे बचाव उपायों को तो त्याग ही दिया है। यही सब संक्रमण को न्योता देता है। यह सही है कि महामारी से संबंधित आंकड़ों में गिरावट आ रही है, पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जरा-सी लापरवाही अचानक से इन आंकड़ों के बढ़ने का कारण भी बन सकती है। और ऐसा हम दूसरी भयावह लहर के पहले भुगत भी चुके हैं।

# राजस्थान में खत्म होगा सत्ता का संघर्ष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान की राजनीति में इन दिनों एक बड़ी खबर निकल कर आ रही हैं। राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट की एक सप्ताह में दो बार कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से राजस्थान की राजनीति को लेकर लंबी चर्चा हुई है। इस खबर के बाद राजस्थान में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। प्रदेश के कई बड़े नेता इन दिनों दिल्ली जाकर कांग्रेस आलाकमान से मिलकर फीडबैक दे रहे हैं। राहुल गांधी के सख्त रूख के कारण पंजाब मे लम्बे समय से चल रही राजनीति खींचतान समाप्त हो गयी। अचानक ही वहां मुख्यमंत्री रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाकर उनके स्थान पर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाने का चैंकाने वाला फैसला किया गया। पंजाब के बाद अब राजस्थान की राजनीति में भी बड़ा बदलाव होता नजर आ रहा है। राजस्थान में काफी समय से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के मध्य मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। इसी कारण पिछले वर्ष सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ बगावत कर 22 विधायकों को लेकर एक महीने तक गुड़गांव में डेरा डेरा डाला था।

उस वक्त कांग्रेस आलाकमान ने पायलट के पक्ष को अनसुना कर गहलोत के दबाव में सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से तथा उनके समर्थक दो मंत्रियों महाराजा विश्वेंद्र सिंह व रमेश मीणा को कैबिनेट मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था। उस समय पायलट की बगावत से डरकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने समर्थक विधायकों को एक महीने तक जयपुर, जैसलमेर के होटलों में बाड़ेबंदी कर बंद रखा था। तब मुख्यमंत्री गहलोत कांग्रेस आलाकमान को यह समझाने में सफल रहे थे कि सचिन पायलट ने अंदर खाने भाजपा से मिलकर उनकी सरकार को अस्थिर करने का कुटिल प्रयास किया है। जिसकी सजा उसको मिलनी चाहिए। इसी कारण पार्टी आलाकमान ने पायलट व उनके समर्थकों को पदों से हटा दिया था। लंबे समय तक गहलोत के विरोध में रहने के बावजूद सचिन पायलट द्वारा पार्टी नहीं छोड़ने और पार्टी के खिलाफ कुछ भी नहीं बोलने के कारण कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मध्यस्था कर सचिन पायलट की बगावत को समाप्त करवा कर उनको फिर से पार्टी की मुख्यधारा में शामिल करवाया था। उस समय प्रियंका गांधी के प्रयासों से कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को आश्वस्त किया गया था कि उनके द्वारा गहलोत को लेकर की गई शिकायतों का सही मंच पर समुचित समाधान करवाया जाएगा। उसी श्रंखला में राजस्थान के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल व अजय माकन की एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

उक्त समिति को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट के पक्ष को सुनकर दोनों नेताओं के मध्य सामंजस्य स्थापित करवाना व दोनों के मध्य उपजे मतभेद को समाप्त करवाने का काम सौंपा गया था। मगर अचानक ही अहमद पटेल की कोरोना से मौत हो जाने के कारण समिति लंबे समय तक निष्क्रिय बनी रही। अपनी उपेक्षा के बावजूद पायलट ने पार्टी लाइन नहीं छोड़ी। अंततः कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन को जयपुर भेज कर गहलोत व पायलट विवाद को समाप्त करवाने की दिशा में फिर से पहल की।

केसी वेणुगोपाल व अजय माकन जयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित विभिन्न नेताओं से लंबी चर्चा कर दोनों नेताओं के मध्य व्याप्त मतभेदों को समाप्त करवाने के लिए फीडबैक लिया। लेकिन कोई सर्वसम्मत फार्मूला नहीं बन पाया। इसी दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनकी पत्नी सुनीता गहलोत कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गई। जिसके चलते मुख्यमंत्री को लंबे समय तक एकांतवास में रहना पड़ा। उसके बाद भी उन्होंने कोरोना बाद की समस्या को लेकर लोगों से मिलना बंद कर मुख्यमंत्री आवास से ही राज कार्य



संपादित करने लगे।

इसी दौरान एक बार फिर प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन जयपुर आकर कांग्रेस व कांग्रेस को बाहर से समर्थन दे रहे सभी निर्दलीय विधायकों से रूबरू मुलाकात की। जयपुर कांग्रेस कार्यालय में माकन ने लगातार तीन दिन तक विधायकों व पार्टी पदाधिकारियों से वन टू वन मिलकर उनकी व्यक्तिगत राय जानी। इस रायशुमारी में प्रदेश के कई मंत्रियों की कार्यशैली को लेकर भारी रोष देखा गया। कई विधायकों ने तो माकन से यहां तक कह दिया कि मुख्यमंत्री से मिलना तो दूर की बात है। यहां तो मंत्रियों तक से मिलना ही दूभर हो रहा है। ऐसे में आम आदमी की सुनवाई कैसे होगी। जयपुर में की गयी रायशुमारी के बाद अजय माकन ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सोनिया गांधी को सौंपी। माकन द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद कांग्रेस आलाकमान ने तय किया कि राजस्थान में ऐसे मंत्रियों को हटा कर संगठन में भेज दिया जाएगा जिनके खिलाफ विधायकों में रोष देखने को मिला है। स्वच्छ छवि के नए लोगों को मंत्री बनाया जाएगा। जिससे लोगों में पार्टी के प्रति व्याप्त हो रही है एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर आम जनता में एक अच्छा मैसेज दिया जा सके। इसी दौरान तय हुआ कि पायलट समर्थक 6 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा तथा कुछ विधायकों व अन्य वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न आयोग, मंडल, बोर्ड में नियुक्त किया जाएगा। उसके बाद कांग्रेस के जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होगी। मगर इसी दौरान अशोक गहलोत को हार्ट संबंधित तकलीफ होने के कारण उनका ऑपरेशन करना पड़ा। जिससे कांग्रेस में होने वाला संभावित फेरबदल रुक गया। पंजाब के बाद अब राजस्थान को लेकर भी कांग्रेस आलाकमान सख्त रूप अपना रहा है। प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन भी कह चुके हैं कि स्वास्थ्य लाभ करने के बाद अशोक गहलोत जिस दिन दिल्ली जाएंगे उसके अगले ही दिन सरकार व संगठन में संभावित फेरबदल व नियुक्तियां होनी शुरू हो जाएगी। कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान को लेकर पूरा ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री गहलोत के अस्वस्थ होने के कारण फेरबदल की पूरी प्रक्रिया रुकी हुई है। कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट की भूमिका भी तय कर दी है। जिसकी घोषणा प्रदेश में परिवर्तन के बाद किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कांग्रेस आलाकमान को इस बात का अच्छी तरह पता है कि अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते अगले विधानसभा चुनाव में जीत पाना बहुत मुश्किल है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व चाहता है कि सचिन पायलट को ऐसी भूमिका दी जाए जिससे लोगों का रुझान फिर से कांग्रेस की तरफ हो सके। राहुल गांधी अच्छी तरह से जानते हैं कि राजस्थान में सबसे अधिक लोकप्रिय व भीड़ खींचने वाले नेता सचिन पायलट ही है। ऐसे में यदि पायलट को लंबे समय तक मुख्यधारा से दूर रखा गया तो उसका खामियाजा पार्टी को सत्ता गवा कर उठाना पड़ सकता है। इसीलिए पार्टी आलाकमान अगले कुछ दिनों में सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायकों व कार्यकर्ताओं को उचित मान-सम्मान देने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

## गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है।

## कहो तो कह दूँ - बड़े पुण्य प्रताप के बाद ऐसा आज्ञाकारी बेटा मिलता है इस कलियुग में

**चैतन्य भट्ट**

हमने पुराणों में पढ़ा है कि सतयुग में, त्रेतायुग में बड़े ही आज्ञाकारी पुत्र हुए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की आज्ञा कारिता पर तो रामचरित मानस और रामायण जैसे ग्रन्थ लिखे गए हैं जो अपने पिता की आज्ञा मानकर चौदह वर्ष के वनवास पर चले गए थे। परशुराम ने अपने पिता की आज्ञा से अपनी माता का सर काट दिया था, विघ्नहर्ता गणेश ने माता की आज्ञा को मानकर अपने पिता भोलेनाथ से ही युद्ध शुरू कर दिया था भीष्म ने अपने पिता का विवाह सत्यवती से करवाने के लिए आजीवन विवाह न करने कि प्रतिज्ञा ले ली थी, श्रवण कुमार की कहानी तो घर घर में सुनाई जाती है, लेकिन इस कलियुग में भी ऐसे आज्ञाकारी बेटे पैदा हो सकते है अपन तो नहीं मानते थे लेकिन जबसे बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ खान के बेटे आर्यन की कहानी सामने आई है, लगा कि नहीं आज भी आज्ञाकारी बच्चों का जन्म इस दुनिया में हो रहा है। अब देखो न जब ये भाईसाहब पैदा हुए थे तब सिम्मी गरेवाल ने अपने एक कार्यक्रम में बादशाह खान से पूछा कि आप अपने बेटे का लालन पोषण कैसे करोगे तो खान साहेब ने कहा मैं चाहता हूँ मेरा बेटा आर्यन वो सारे गलत काम करे जो मैं अपनी जवानी में नहीं कर पाया। वो लड़कियों के पीछे जा सकता है, ड्रग्स ले सकता है, सेक्स कर सकता है, बेहतर होगा कि वो ये सब काम जल्दी शुरू कर दे में ये भी चाहूंगा कि मेरे साथ काम करने वाले जिनकी बेटियां है उसकी शिकायत करें और जैसे ही आर्यन बड़ा हुआ उसने अपने पापा का वो इंटरव्यू देखा और ये बात गांठ में बाँध ली कि मैं अपने पापा की एक एक बात मानूंगा जो भी उन्होंने कहा है , मैं वो सब करके दिखाऊंगा ताकि लोग बाग़ कह सकें कि कलियुग में भी ऐसा आज्ञाकारी बेटा पैदा हो सकता है। उसने अपने पिता का इंटरव्यू बार बार देखा उसके एक एक शब्द को आत्मसात कर लिया और जैसे ही मौका मिला उसने एक एक करके अपने पापा की तमाम आज्ञाओं का पालन शुरू कर दिया। कई लड़कियों के साथ उसके वीडिओ वायरल होने



लगे, उसे पिता के एक एक शब्द याद थे कि मैं चाहता हूँ कि वो ये सब जल्दी शुरु कर दे और आर्यन ने यही किया अभी मूंछ भी नहीं ठीक ढंग से उगी नहीं थी की भाईसाहब ने रेवपार्टी में जाना शुरू कर दिया, ड्रग्स लेना शुरू कर दिया, पिता की एक एक आज्ञा उसके कानो में हमेशा गूंजती रहती थी लेकिन बुरा हो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का पापा की आज्ञा के पालन के लिए मुम्बई से गोवा जाने वाले एक क्रूज में रेव पार्टी में शामिल होने के लिए उसने टिकिट बुक करवाई और जैस ही पापा की जय कहते कहते एक ड्रग का एक सुट्टा लगाया नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अफसरों ने जो यात्री बन कर उस क्रूज में आये थे ने बालक को धर लिया। वो अफसरों के सामने चिल्लाता रहा कि उसने कोई अपराध नहीं किया है वो तो अपने पापा की आज्ञा का पालन करने की कोशिश कर रहा था लेकिन अफसर सुनाने तैयार नहीं था धर लिया , तलाशी में अफसरों ने ड्रग्स भी ढूंढ निकाले और बेचारे आर्यन को गिरफ्ताकर लियाद्य अपनी तो आर्यन को सलाह है कि बिलकुल रंज मत करना क्योंकि तुमने जो कुछ भी किया है वो अपने पापा की आज्ञा का पालन करने के लिए किया है तुम्हारा और तुम्हारे पापा का नाम तो कलियुग के इतिहास में अमर हो गया है ।

### कुछ दिन तो रुक जाओ रिश्वतखोरो

जब मालूम है कि अपने मामाजी यानि शिवराज सिंह इन दिनों अपने पूरे फॉर्म में है रोजाना अफसरों की वाट लगा रहे है मोदी जी के जन्म दिन पर उन्होंने भी संकल्प ले लिया है कि न खाऊंगा न खाने दूँगा उसके बाद भी सरकारी अफसर और कर्मचारी रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। लोकायुक्त पुलिस जो निठल्ली बैठी रहती थी मामाजी के इस संकल्प के बाद अचानक ही एक्टिव हो गई और लगी रिश्वत खोरों को पकड़ने में, किसी के पास दस करोड़ की सम्पत्ति का पता चल रहा है, तो किसी के पास तीस करोड़ का, एम्स का डिप्टी डायरेक्टर एक लाख की रिश्वत लेते पकड़ा जा रहा है तो कंही जिला आपूर्ति अधिकारी के हाथ लाल हो रहे हैं।

# उगते सूरज को सभी करते नमन!

### सूडोकु नवताल- 5853

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5852 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

**भरत मिश्र प्राची**

कोई आता है नहीं उजड़े चमन, उगते सूरज को सभी करते नमन। इस तरह की स्थिति राजनीति में सदैव उभरती रही है। राजनीति में जिस राजनीतिक दल की स्थिति कमजोर नजर आती है उधर टूट - फूट होना स्वाभाविक है। जिधर की स्थिति मजबूत होती है उधर राजनेताओं के आने का क्रम लगातार बना रहता है। जहां स्थिति मध्य में होती है वहां खरीद फरोक्त की संभावना प्रबल नजर आती हे। भारतीय राजनीति में इस तरह के बदलते हालात आसानी से देखे जा सकते है। इस तरह की अवसरवादी राजनीति में किसी पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता। कौन कब किधर चला जाय, कहना मुश्किल है। इसी कारण सत्ता भी बदलती रहती है।

वर्तमान समय में भारतीय राजनीति में भाजपा का सितारा बुलंदी पर जबकि कभी यह स्थिति कांग्रेस की हुआ करती थी। स्वतंत्रता बाद वर्षो तक सत्ता पर शासन करने वाली कांग्रेस आज दिन पर दिन कमजोर होती जा रही है जिससे इस राजनीतिक पार्टी से कोई न कोई बहाना ढूंढ़कर बाहर निकलते एवं भाजपा की ओर जाते नेताओं को हर स्तर पर देखा जा सकता है। जहां तक गांधी परिवार के नेतृत्व का सवाल है वह आज से नहीं जब से कांगेस का भारतीय राजनीति में दबदबा रहा, सितारा बुलंद रहा गांधी परिवार का नेतृत्व एकमात्र बना रहा। इतिहास साक्षी है , जब भी कांग्रेस इस परिवार से अलग रही , बिखरती नजर आई। जिस सोनिया गांधी पर विदेशी होने की मोहर अन्य राजनीतिक दलों द्वारा



लगाई जाती रही, उसी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातर दो दशक सत्ता में बनी रही। पर आज जबसे भारतीय राजनीति में केन्द्र से कांग्रेस सत्ताविहीन हो गई तब से राज्यों की राजनीति पर भी इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ना शुरू हो गया। विधान सभा चुनावों में जहां कांग्रेस भाजपा को सत्ता से बेदखल कर सत्ता में आई वहां की राजनीति पर केन्द्र की सत्ता का प्रभाव पड़ना शुरु हो गया जिसके चलते कांग्रेस में वर्षो अपना वर्चस्व बनाये नेता सत्ताधारी भाजपा का हाथ पकड़ लिये, कुछ राज्यों की राजनीति डगमगा गई। इस तरह के परिवेश का शिकार तत्कालीन मध्यप्रदेश की आम जनता द्वारा चुनी कांग्रेस सरकार हुई जहां फिर से आमजनता द्वारा नकारी गई भाजपा सत्ता में आ गई। इस तरह का प्रयोग राजस्थान में भी देखने को मिल सकता है जहां आम जनता द्वारा बहुमत कांग्रेस सरकार पर बार - बार संकट के बादल मड़राते देखे जा सकते। इस तरह के हालात से फिलहाल छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान की कांग्रेस सरकार बची हुई है पर कब शिकार हो जाय कह पाना मुश्किल है। यहां भी बगावती तेवर दिख रहे है। इन बगावती में कौन सी बूंद कांग्रेस से छिटक कर भाजपा मे जा मिले कुछ कहा नहीं जा सकता। कांग्रेस में इस तरह का फिलहाल कोई मजबूत नेतृत्व कहीं नजर नहीं आ रहा है जो छिटकती इन बूंदों को रोक सके। पंजाब में फिलहाल हुये सत्ता परिवर्तन की डोर कांग्रेस में बगावती तेवर को पैदा कर सकती है जिसका आगामी विधान सभा चुनाव पर फर्क पड़ सकता है। अवसरवादी राजनीति में जब इसकी गोद में पले, बढ़े हुये ही इसका आज पाला छोड़ रहे है तो आने वाले समय में कांग्रेस मजबूत हो सके ऐसा कहीं से नजर नहीं आ रहा है।

महात्मा गांधी ने जिस कांग्रेस की नींव डाली एवं स्वतंत्रता उपरान्त जिसके हाथ बागडोर सौंपी वह कांग्रेस परिवारवाद में सिमटकर इस तरह कमजोर हो जायेगी, बापू ने भी कभी सपनों में नहीं सोचा होगा। इसी कांग्रेस में गांधी परिवार से अलग हटकर कुशल नेतृत्व संभाले लालबहादुर शास्त्री ने भी कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन कांग्रेस की ये दशा होगी। कांग्रेस के दोनों महान नेताओं की जन्मतिथि संयोगवश एक हीं 2 अक्टूबर है। इस तिथि पर यह विचारणीय मुद्दा अवश्य है कि कांग्रेस की इस दशा के लिये कौन जिम्मेवार है। आज की आवसरवादी राजनीति जहां उगते सूरज को नमन करने की परम्परा है या वर्तमान नेत्त्व जो अपने से अलग हो रहे को रोक नहीं पा रहा है।

## विदेश नीति पर नए सुझाव

**वेदप्रताप वैदिक**

दिल्ली के 'सेंटर फार पालिसी रिसर्च' ने अभी एक महत्वपूर्ण शोध-पत्र प्रकाशित किया है, जो हमारी वर्तमान भारतीय सरकार के लिए उत्तम दिशाबोधक हो सकता है। इस सेंटर की स्थापना हमारे सम्माननीय मित्र डा. पाई पणंदीकर ने की थी। यह शोध-केंद्र मौलिक शोध और निर्भीक विश्लेषण के लिए जाना जाता है। इस सेंटर ने अभी जो शोध-पत्र प्रकाशित किया है, उसके रचनाकारों में भारत के अत्यंत अनुभवी कूटनीतिज्ञ, सैन्य अधिकारी और विद्वान लोग हैं। उनका मानना है कि भारत की विदेश नीति पर हमारी आंतरिक राजनीति हावी हो रही है। वर्तमान सरकार बहुसंख्यकवाद (याने हिंदुत्व), ध्रुवीकरण और विभाजनकारी राजनीति चला रही है ताकि अगले चुनाव में उसके थोक वोट पक्के हो जाएं। इस समय भारतीय लोकतंत्र जितने संकीर्ण मार्ग पर चल पड़ा है, पहले कभी नहीं चला। भारतीय विदेश नीति पर हमारी आंतरिक राजनीति का अंकुश कसा हुआ है। इन शोधकर्ताओं का इशारा शायद पड़ौसी देशों के शरणार्थियों में जो धार्मिक भेदभाव का कानून बना है, उसकी तरफ है। इन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि 'पड़ौसी राष्ट्र पहले' की नीति गुमराह हो चुकी है। लगभग सभी पड़ौसी राष्ट्रों से भारत के संबंध असहज हो गए हैं। चीन का मुकाबला करने के लिए भारत ने चौगुटे (क्वाड) में प्रवेश ले लिया है लेकिन क्या भारत महाशक्ति अमेरिका का मोहरा बनने से रूक सकेगा? शीतयुद्ध के ज़माने में सोवियत संघ के साथ घनिष्ट संबंध बनाए रखते हुए भी किसी गुट में भारत शामिल नहीं हुआ था। वह गुट-निरपेक्ष आंदोलन का अग्रणी नेता था लेकिन अब वह इस अमेरिकी गुट में शामिल होकर क्या अपनी 'सामरिक स्वायत्तता' कायम रख सकेगा ? इन विद्वानों द्वारा उठाया गया यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। इन्होंने दक्षेस (सार्क) के पंगु होने पर भी सवाल उठाया है, जब से (2014) पाकिस्तान सार्क का अध्यक्ष बना है, भारत ने सार्क सम्मेलन का बहिष्कर कर रखा है। दक्षिण एशिया के करोड़ों लोगों की जिंदगी में रोशनी भरने के लिए भारत को शीघ्र ही कोई पहल करनी चाहिए। मैं तो इसलिए सरकारों से अलग सभी देशों की जनता का एक नया संगठन, जन-दक्षेस, बनाने का पक्षधर हूं। ये विद्वान पाकिस्तान से बात करने का समर्थन करते हैं। मैं समझता हूँ कि अफगान-संकट को हल करने में भारत-पाक संयुक्त पहल काफी सार्थक सिद्ध हो सकती है। इसी तरह अमेरिका के इशारे पर चीन से मुठभेड़ करने की बजाय बेहतर यह होगा कि हम चीन के साथ 'कोलूपीटिव मॉडल' याने सहयोग और प्रतिस्पर्धा की विधा अपनाएँ तो बेहतर होगा।

# वॉशिंग मशीन को साफ करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, नहीं पड़ेगी रिपेयरिंग की आवश्यकता



वॉशिंग मशीन आने के बाद कपड़े धोना काफी आसान हो गया है, लेकिन अगर आप गलत तरीके से इसका इस्तेमाल करते या फिर इसकी सफाई पर ध्यान नहीं देते तो इसकी कार्यक्षमता पर काफी नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आपके लिए घर पर वॉशिंग मशीन की सफाई करना बेहद आसान हो सकता है। चलिए फिर इन टिप्स के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**वॉशिंग मशीन के गास्केट की सील को ऐसे करें साफ:** गास्केट उन रबर या सिलिकॉन के जोड़ों को कहा जाता है जिनसे वॉशिंग मशीन के अलग-अलग हिस्से जुड़े होते हैं। इन सील्स में अक्सर गंदगी जम जाती है और इन्हें साफ करने के लिए सफेद सिरके या हाइड्रोजेन पेरोक्साइड और पानी के मिश्रण को रोएंदार तौलिए पर डालें और इस तौलिए से गास्केट और सभी जोड़ों की गंदगी को साफ करें। इससे ग्रीस, काई, पानी का खारापन और गंदगी आदि सब निकल जाएगा।

**मशीन के वॉशर को साफ करने का तरीका:** इसके लिए सबसे पहले मशीन को हेवी लोड में लंबी वॉश साइकिल पर सेट करें और फिर इसमें पानी भरकर सफेद सिरका और बेकिंग सोडा मिला दें। इसके बाद मशीन को चालू कर दें। यह मशीन को अंदर से साफ कर देगा। अगर आपकी वॉशिंग मशीन फ्रंट लोड वाली है तो उसमें आधा लीटर सिरका और आधा कप बेकिंग सोडा डालें। वहीं अगर आपकी वॉशिंग मशीन टॉप लोड वाली है तो सिर्फ एक लीटर सफेद सिरका डालें।

**वॉशिंग मशीन का दरवाजा साफ करने का तरीका:** वॉशिंग मशीन के दरवाजे की सफाई करना भी जरूरी है क्योंकि इसमें भी सील लगी होती हैं। इन सील में भी गंदगी जम जाती है और इस कारण थोड़े दिनों बाद वॉशिंग मशीन का दरवाजा ठीक से बंद नहीं होता। इसे साफ करने के लिए एक कटोरी में बराबर मात्रा में हाइड्रोजेन पेरोक्साइड और पानी को मिलाएं और फिर इस मिश्रण में एक कपड़ा डुबोकर उससे दरवाजे और उसकी सील को साफ करें।

**ऐसे करें वॉशिंग मशीन की बाहरी सफाई:** वॉशिंग मशीन के बाहरी हिस्सों को भी साफ करना बहुत जरूरी है क्योंकि इन पर भी गंदगी और पानी का खारापन जम जाता है।

इसके लिए एक कपड़े को सिरके में

## मुदस्सर अजीज की फिल्म डबल एक्सएल नजर आ सकती हैं सोनाक्षी और हुमा कुरैशी

काफी समय से निर्देशक मुदस्सर अजीज की अगली फिल्म डबल एक्सएल सुर्खियों में है। इस फिल्म के लिए सोनाक्षी सिन्हा को पहले ही साइन किया जा चुका था और अब खबर है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि दो अभिनेत्रियां होंगी। इसमें अभिनेत्री हुमा कुरैशी की एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद बेशक फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। ये दोनों ही अभिनेत्रियां फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मुदस्सर अजीज यह फिल्म अश्विनी यार्डी के साथ मिलकर बना रहे हैं। फिल्म की कहानी मोटापे का शिकार हुई महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। फिल्म से हुमा भी जुड़ गई हैं। वह भी सोनाक्षी की तरह अपने किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना कई किलो वजन बढ़ाएंगी। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी। इस फिल्म का निर्देशन सतराम रमानी कर रहे हैं, जो इससे पहले फिल्म हेलमेट के निर्देशक रह चुके हैं। पिछले दिनों सुनने में आया था कि इस फिल्म में अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। चर्चा थी कि वह प्रोस्थेटिक मेकअप की मदद से एक मोटे व्यक्ति के रूप में नजर आएंगे और फैंस को बड़ा सरप्राइज देंगे। अक्षय अपनी बॉडी के साथ जल्दी प्रयोग नहीं करते, इसलिए उन्हें एक अलग लुक देने के लिए निर्माता मेकअप आर्टिस्ट की मदद लेंगे। अक्षय का किरदार वैसा ही होगा, जैसा फिल्म बधाई हो बधाई में अनिल कपूर का था। इन दिनों सोनाक्षी फिल्म ककुड़ा की शूटिंग कर रही हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी भूत का शिकार करती दिखेंगी। इसमें उनके साथ रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी नजर आएंगे। ककुड़ा की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है। वेब सीरीज फॉलेन और संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी भी सोनाक्षी के खाते से जुड़ी है। बात करें हुमा कुरैशी की तो वह आजकल फिल्म मोनिका ओह माय डार्लिंग की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव और राधिका आप्टे नजर आएंगी।






## जयेशभाई जोरदार की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं शालिनी पांडे



अर्जुन रेड्डी की अभिनेत्री शालिनी पांडे रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म जयेशभाई जोरदार से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह पिछले एक साल से अधिक समय से फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। शालिनी ने कहा कि मैं पागलपन से एक साल से अधिक समय से रिलीज का इंतजार कर रही हूं और मैं दर्शकों के फिल्म देखने का और इंतजार नहीं कर सकती।मुझे पता है कि यह एक अच्छी फिल्म है और मुझे यह भी पता है कि यह एक बहुत ही खास फिल्म है जिसे हमने बहुत प्यार और समर्पण के साथ बनाया है।शालिनी के लिए इस फिल्म में काम करने का अनुभव भावनात्मक रहा है क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है।उन्होंने कहा कि मैं फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकती क्योंकि मुझे पता है कि लोग फिल्म और पात्रों को पसंद करने वाले हैं। इसके अलावा, मैं सिनेमाघरों के खुलने का और इंतजार नहीं कर सकती, क्योंकि मैं चाहती हूं कि लोग सिनेमाघरों में जाएं। मैं फिल्म को बड़े पर्दे पर देखना चाहती हूं क्योंकि इस फिल्म की अपनी यात्रा है, और मैं चाहती हूं लोग इसे जल्द से जल्द अनुभव करें। मैं सचमुच इंतजार नहीं कर सकती, यह बहुत खास है और जब भी मैं फिल्म रिलीज होने के बारे में सोचती हूं तो मैं उत्साहित हो जाती हूं। शालिनी को आदित्य चोपड़ा से तीन फिल्मों का अनुबंध मिला है। उन्होंने कहा कि वाईआरएफ के साथ तीन-फिल्म अनुबंध के साथ काम करना एक बड़ी बात है।

# कार्तिक आर्यन ने पूरी की फिल्म की शूटिंग, अब ट्रेलर से करेंगे 'धमाका'

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने फैंस के दिलों पर राज करते हैं. एक्टर ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया है. कार्तिक अब हमेशा ही सुर्ख़ियों में ही रहते हैं. अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म धमाका को लेकर चर्चा में आ गए हैं. टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर आने वाला है.



कुछ समय पहले ही कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच हुई अनमन की बातें सामने आई थीं. अचानक से कार्तिक को करण ने अपनी फिल्म दोस्ताना 2 से बाहर कर दिया था. लेकिन इसके बाद से एक्टर के पास काम की लाइन लगी हुई है. आपको बता दें कि कार्तिक आर्यन स्टारर धमाका ओटीटी पर रिलीज की जाएगी. ये खास फिल्म ओटीटी के प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर पेश की जाएगी. इस फिल्म से कार्तिक और उनके फैंस को खासा उम्मीदे हैं. कुछ वक्त पहले ही धमाका का 'टीजर' रिलीज हुआ था, जिसको फैंस ने काफी पसंद किया था. हालाँकि धमाका के टीज़र को रिलीज़ हुए छः महीने से भी ऊपर हो चुके हैं पर इस फिल्म की रिलीज़ को लेकर कोई कोई खास जानकारी सामने नहीं आई थी. अब साफ हो गया है कि कार्तिक ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है बता दें कि अब जल्द ही फिल्म का ट्रेलर फैंस के सामने पेश होने वाला है. हाल ही में कार्तिक आर्यन फिल्म के ट्रेलर के लिए डबिंग करके आए हैं जिसका सीधा अर्थ है कि जल्द ही हमें इस फिल्म का ट्रेलर और रिलीज़ डेट देखने को मिलने वाली है. दरअसल हाल ही में एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पेपर पर धमाका ट्रेलर लिखा हुआ दिखा रहे हैं।

## महेश मांजरेकर की फिल्म व्हाइट में हो गई तब्बू की एंट्री?



अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर ने कुछ ही समय पहले अपनी फिल्म व्हाइट का ऐलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर इसकी घोषणा की थी। अब खबर है कि उन्होंने अपनी इस फिल्म के लिए हीरोइन का चयन भी कर लिया है। महेश ने खुद यह खुलासा किया है कि व्हाइट के लिए हमेशा से उनकी पहली पसंद तब्बू रही हैं और उनकी जगह इसमें कोई नहीं ले सकता। रिपोर्ट के मुताबिक महेश मांजरेकर 2010 से व्हाइट की कहानी दर्शकों के बीच पेश करने की सोच रहे हैं और अब वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह अस्तित्व के बाद दूसरी बार किसी महिला केंद्रित फिल्म पर काम कर रहे हैं। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली पत्नी की कहानी है, जिसकी इच्छाएं और महत्वकांक्षाएं बेहद गहरी हैं। महेश ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह इस शानदार फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। महेश ने बताया, जब मैंने तब्बू को इस फिल्म की कहानी सुनाई, वह हैरान रह गईं। उन्होंने मुझसे बस यही कहा, महेश, क्या मैं इस फिल्म के साथ न्याय कर सकती हूं? इस किरदार को पर्दे पर उतारना बेहद मुश्किल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महेश मांजरेकर व्हाइट में तब्बू के अलावा किसी अन्य अभिनेत्री को लेने के बारे में सोच तक नहीं सकते। उन्होंने इसकी कहानी तब्बू को ध्यान में रखकर ही लिखी थी। महेश ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, मैं लगभग एक दशक से इस कहानी के साथ जी रहा हूं और अब आखिरकार व्हाइट को अपना रंग मिल गया है।

## कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया: भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को फिल्म 'दम लगा के हईशा' में रोल मिलने का किस्सा खासा दिलचस्प है। दरअसल, भूमि पेडनेकर ने अपने करियर की शुरूआत यशराज फिल्म्स के कास्टिंग डिवीजन से की है। एक दिन भूमि 'दम लगा के हईशा' के एक्ट्रेस के लिए ऑडिशन ले रहीं थीं। इस फिल्म में संध्या का रोल काफी इंटरेस्टिंग और एक मोटी लड़की का था। कास्टिंग टीम ने करीब 250 लड़कियों के ऑडिशन लिए। भूमि ने बताया कि 'मैं कास्टिंग करती थी लेकिन कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया। संध्या के रोल के लिए इतनी लड़कियों के ऑडिशन लिए लेकिन एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि ये रोल मैं भी कर सकती हूं।'भूमि ने बताया कि 'यशराज फिलम्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के पास जाया करती थी। उन्होंने मेरा भी ऑडिशन लिया तो मुझे भी यह रोल इतना आसान नहीं लगा। संध्या के रोल में मुझे चुनने से पहले फिल्म डायरेक्टर शरत कटारिया ने काफी सोचा। वह मुझे सिर्फ इसलिए नहीं कास्ट कर लेना चाहते थे कि मैं यशराज फिल्म्स से जुड़ी थी। वह ऐसे एक्ट्रेस को मौका देना चाहते थे जो स्क्रिप्ट को समझ सके। मुझे वाकई अपनी काबिलियत साबित करनी पड़ी। मै मुंबई में पली पढ़ी थी। मुझे 90 के दशक की महिला का रोल प्ले करना था। मेरी हिंदी शहरी एक्सेंट वाली थी। लगातार 4 महीने ऑडिशन चला था और एक दिन मुझे बताया गया कि ये रोल मुझे दिया जा रहा है। पहली फिल्म पाने से पहले 6 साल कैमरे के पीछे काम किया है।''दम लगा के हईशा' जब रिलीज हुई तो भूमि पेडनेकर की जमकर क्रिटिक्स ने सराहना की। भूमि की पहली फिल्म ही हिट हो गई। एक्ट्रेस ने 'टॉयलेट:एक प्रेम कथा', 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान', 'सांड की आंख' जैसी फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। बता दें कि भूमि पेडनेकर ने अपनी पहचान एक सशक्त एक्ट्रेस की बनाई है। भूमि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म 'दम लगा के हईशा' से की थी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के अपोजिट अपनी शानदार एक्टिंग से क्रिटिक्स का दिल जीतने में कामयाब हुई थीं।

# केवल पैदल चलने से घट सकता है आपका वजन, अपनाएं ये आसान टिप्स



आज के समय में वजन बढ़ना कोई बड़ी बात नहीं है, क्योंकि इस आधुनिक जीवन शैली के चलते किसी का भी वजन बढ़ना एक आम बात है। लेकिन नियमित रूप से पैदल चलना विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इसके अलावा अगर आपका सवाल यह है कि क्या चलने से आप अपना वजन कम कर सकते हैं? तो हमारा जवाब हां होगा। क्योंकि पैदल चलने से कैलोरी बर्न होती हैं। आइए जानें कैसे।

**पैदल चलने का तरीका:** हम आपके सभी प्रयासों की सराहना करते हैं, लेकिन यदि आप पार्क में टहलने को अपना चलना समझते हैं तो यह गलत है, क्योंकि टहलना आपके वजन को कम नहीं कर सकता। अगर आप नियमित रूप से अपनी गति में वृद्धि करते है तो ही आपको अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप दौड़ना शुरू कर दें। तेज चलना कैलोरी को तेजी से बर्न करने और वजन घटाने में काफी फायदेमंद है।

**पैदल चलना वजन के साथ-साथ बीमारियों को भी रखता है दूर:** संक्रमण और बीमारियों को रोकने के लिए आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को हर समय ठीक से कार्य करना चाहिए और पैदल चलना आपकी प्रतिरक्षा को मजबूत करने का एक शानदार तरीका है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट चलना प्रतिरक्षा कोशिकाओं, बी-कोशिकाओं और टी-कोशिकाओं की गतिविधियों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इससे सफ़ेद रक्त कोशिकाओं को जल्दी से रिलीज़ करने में सहायता मिलती है, जिससे शरीर को जल्दी से ठीक करने में मदद मिलती है।

**पहले कभी कोई एक्सरसाइज नहीं की है तो इस तरह करें पैदल चलने की शुरुआत:** पैदल चलने से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होती है और बॉडी शेप में आती है। यदि नीचे के हिस्से यानि जाँघो और कूल्हों को शेप में लाना है तो नियमित रुप पैदल चलने से अच्छा कुछ नहीं है। 30 मिनट की तेज चाल से भी आप 200 कैलोरी को कम कर सकते हैं। इसके अलावा पहले कभी कोई एक्सरसाइज नहीं की है तो पैदल चलने से शुरू करें। यह दर्द रहित वजन कम करने का एक अच्छा विकल्प है।

**सुबह सूर्योदय के समय पैदल चलना फायदेमंद:** शुरूआती दिनों में आप कम से कम हफ्ते में तीन दिन 15 से 20 मिनट चलें। इसके बाद धीरे-धीरे पैदल चलने की समय सीमा और दिन, दोनों को बढ़ाएं। यह समय सीमा तब तक बढ़ाते रहे जब तक 30 से 60 मिनट पैदल चलने से आपको कोई परेशानी न हो। सुबह सूर्योदय के समय चलना स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा होता है, तो कोशिश करें की सुबह तो अवश्य ही पैदल चलें और हो सके तो शाम को भी।

## केतिका शर्मा की हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही है



आज इस लेख में हम एक भारतीय अभिनेत्री के बारे में बात कर रहे हैं जो अपनी सुंदरता और हॉट लुक के कारण सुर्खियों में है। आइए जानते हैं कौन है वो एक्ट्रेस। इस खूबसूरत भारतीय अभिनेत्री का नाम केतिका शर्मा है। आपको बता दें कि उनका जन्म 24 दिसंबर को, 1995 में, नई दिल्ली, भारत में हुआ था। वह भारत में एक लोकप्रिय सोशल मीडिया सेलिब्रिटी हैं। वह अपने सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर बहुत सक्रिय है। सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके प्रशंसकों की एक बड़ी संख्या है। वह अक्सर अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वह इंटर कॉलेज के फैशन शो को जज करती हैं। आप इन तस्वीरों में उनका हॉट अंदाज देख सकते हैं। उनकी ज्यादातर तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में आप उनके बोल्ड और आकर्षक लुक देख सकते हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 1.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। अब उनकी हॉट तस्वीरों को देखकर, आप केतिका शर्मा के बारे में क्या कहते हैं। अपने जवाब और राय मुझे नीचे कमेंट बॉक्स में दें।

## वन-टू-वन

### आई.एस.2021 बेच में चयनित सुनील सीरवी का बेंगलूर मे फूल माला पहनाकर किया स्वागत /पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा



**बेंगलूर =-** मुडलपालिया भारतीय प्रशासनिक सेवा (ढ्ढस्) 2021 बेच में चयनित सीरवी समाज के गौरव सुनील गाँव आगेवा बेरा जैतारणिया का हमारे बेंगलोर स्थित मुडलपालिया उनके मामा अशोक परिहार के घर पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर मुडलपालिया व्यापारी संघ व सुकंदकट्टे सीरवी समाज बैगलोर पश्चिम् के कार्यकारिणी सदस्य भानाराम गेहलोत, चंदुलाल चोयल, व मुडलपालिया से नेमाराम सैंणचा,तरुण काग,राजाराम राठो?,शंकर, महेश,व समाजसेवी बाबुलाल बर्फा,ओमप्रकाश व अन्य सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। सुनिल की 243वी रैंक रही है ।इसके अलावा इन्हें कन्न? भाषा का अच्छा ज्ञान है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा बिजोवा मंडल ने दिया ज्ञापन



**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**
**रानी पाली ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बिजोवा मडंल द्वारा रीट परीक्षा 2021 में हुई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा का इस्तीफा लिए जाने या इस्तीफा ना दिए जाने की स्थिति में शिक्षा मंत्री को पद से बर्खास्त किया जाने बाबत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विरोध जता कर उप खण्ड अधिकारी रानी रविकांत को दिया, शीघ्र कार्यवाही ना होने की स्थिति में युवा मोर्चा जन आन्दोलन की चेतावनी दी,इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जन्मजय सिंह खारडा , मंडल उपाध्यक्ष छत्रपाल वरकाणा , महामंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया, पूर्व प्रधान नवरत्न चौधरी , जिला परिषद सदस्य मंजू सीरवी, सिवास सरपंच फुसाराम ,दिनेश चौधरी , , सुरेन्द्र सिंह देवली , नरेन्द्र मारिया, अजय जैन, शक्ति सिंह भादरलाऊ, भरत वैष्णव ,राजू ,राहुल परिहार ,जीतू परमार , रवि, योगेश ,भावेश,राहुल आदि मौजूद थे ।

### युवा मंडल द्वारा सेना से सेवानिवृत होकर आए ग्राम के सपूतों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया




राहुल कुमार
दैनिक पुष्पांजली टुडे
**ग्वालियर ।** गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका, जिला ग्वालियर द्वारा दिनांक 03-10-2021 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर गृह ग्राम सिमरिया आने पर भाई ओमकार सिंह चौहान व शिवराज सिंह चौहान का ग्राम में रैली निकालकर स्वागत व शॉल श्रीफल प्रदान कर सम्मान श्री पदम सिंह चौहान पूर्व सरपंच एवं मण्डल के सभी सदस्यों व ग्रामवासियों द्वारा किया गया, मण्डल के संचालक श्री गजेन्द्र चौहान द्वारा इस अवसर पर दोनों भाइयों का सम्मान करते हुए कहा कि हमारे ग्राम के वीर सपूतों द्वारा मातृभूमि की 17 वर्ष सेवा कर अपना कर्ज चुकाया है, हम सभी ग्रामवासीयों को इन देशभक्त वीर जवानों का स्वागत करने का मौका मिला है, यह हमारे लिए ब? ही गर्व की बात है, श्री चौहान द्वारा उपस्थित सभी युवाओं को सेना में भर्ती होने हेतु प्रोत्साहित किया व मण्डल के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया, इस अवसर पर मण्डल के युवा साथी वीरेन्द्र रावत, महेन्द्र रावत, भीमसेन राठौर, माखन बाथम, सुनील बाथम, दीपराज कुशवाह, भरत राठौर, अभिषेक राठौर, बलवीर शाक्य, अभिषेक जाटव, मनोज शाक्य, भूपेन्द्र नामदेव, विमल वेश, राहुल सेंगर, अरविंद कुशवाह आदि युवा व सैंक?ों ग्रामीण शामिल रहे।

# भाजपा जनविरोधी पार्टी हैःपूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**भोपाल/भिण्ड।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री व लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार को जनविरोधी नीतिया अपनाने वाली जनविरोधी पार्टी बताया।प्रदेश के कद्दावर नेता एवं ग्वालियर-चम्बल संभाग में जनता के बीच अच्छी खासी पक? रखने वाले लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि जब से केंद्र और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, सिवाय क्षुटे वादे कर रही हैं,कोई वादा पूरा नहीं करते है।पूरे देश में बेतहाशा मंहगाई वृद्धि हुई है, चारों तरफ बेरोजगारी ही बेरोजगारी है।भाजपा के शासनकाल में युवा पी?ी डिग्रियां हाथों में लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं।डीजल-पेट्रोल-रसोई गैस यहां तक कि खादान तेलों की दुगुना-तीनगुना कीमतों में व्रद्धि की गई है, आमजनता के घरों का बजट बुरी तरह बिग? गया है, चारों तरफ मंहगाई की मार है और रोजगार खत्म हो रहे है।भाजपा शासन की गलत नीतियों का कोई विरोध करता है तो उस पर क्षुटे मुकदमें दर्ज करा दिये जाते हैं।पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा के शासन में अपराधियों के हौसले बुलंद हुए हैं, इस सरकार में अपराध ब?ा है।भाजपा के शासन में महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं।डॉ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनता ने अपने वोट देकर हमारी पार्टी को चुनकर मध्यप्रदेश सरकार बनाई जिसे कुछ चंद स्वार्थी लोगों ने निजस्वार्थ के लिए अपने आप को बेचकर जनता द्वारा चुनी हुई हमारी कांग्रेस की



सरकार गिरवा दी, और मध्यप्रदेश में खरीद फरोख्त की सरकार बन गई जो पूरी तरह आमजन विरोधी सरकार है।डॉ सिंह ने कहा कि कई महीनों से किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार को उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही है ऐसी अहंकार वाली सरकार कभी भी देखने सुनने को नहीं मिली है, भाजपा को सत्ता का अहंकार ले डूबेगा।पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि हमारे पार्टी नेता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के निर्देशानुसार एवं देखरेख में पूरे प्रदेश में आमजनता के हितों के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर ब्लॉक, तहसील,जिला,संभाग एवं प्रदेश स्तर पर संघर्षरत है, अगर इस सरकार ने हमारी जनहितों की माँगो को शीघ्र पूरा नहीं किया,तो समूचे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ब? ब? आंदोलन धरना प्रदर्शन करेगी।

**जो कहता हूँ सो करता हूँः** पूर्व मंत्री डॉ सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में आमजनता के आर्शीवाद से मध्यप्रदेश और केन्द्र में कांग्रेस पार्टी की बहुमत वाली सरकार बनेगी,उन्होंने जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तो वह पूरी तरह जनहितों को ध्यान में रखने वाली जनहितैषी सरकार होगी।

विधायक डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा कभी नहीं रही है पार्टी जब भी जो भी जिस प्रकार की जिम्मेदारी सोंपी है और सौपेगी उसे पूरी ईमानदारी से निभाते आए हैं और आगे भी निभाते रहेंगे।पूर्व मंत्री व विधायक डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि उनका पूरा जीवन जनता की सेवा करने में और पार्टी के प्रति समर्पित है।

# अम्बाह दो अक्टूबर गॉधी जयन्ती को ग्राम चॉदपुर दिमनी में राष्ट्रीय बिधिक सेबा प्राधिकरण जागुरूकता कार्यक्रम सम्पन्न...

**केशब पंडित जी**
**पुष्पांजली टुडे**
**अम्बाह ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश श्री शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे दिनांक 02/10/2021 से दिनांक 14/11/2021 तक आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश




तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज दिनांक 02/10/2021 को ग्राम पंचायत चांदपुर (दिमनी) में नालसा द्वारा प्रेषित रूप -रेखा में दिए गए विषयों के संबंध में ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ विधिक सहायता जागरूकता मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बाह सुरेन्द्र कुमार द्वारा एवं तहसील न्यायालय अम्बाह में पदस्थ पंकज कुमार जैन प्रथम जिला न्यायाधीश अम्बाह, एस. डी. एम. अम्बाह राजीव समाधिया, व्ही. पी. एस. चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, नितिनेन्द्र सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, मीनाक्षी दंदेलिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ख?याहार, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ अम्बाह रामसेवक शर्मा, एजीपी, अधिवक्तागण एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण के साथ उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात 11 बजे से नालसा द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का प्रसारण एल. ई. डी. स्क्रीन पर किया गया, जिसमें उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पी.एल.व्ही., ग्राम पंचायत सचिव/सेकेट्री, शासकीय विद्यालय के अध्यापकगण, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीणवासी द्वारा उक्त कार्यक्रम में सहभागिता दी गयी ।

# पीड़िता महिला की नहीं लिखी सुबह से थाना प्रभारी खेरागढ़ ने रिपोर्ट




**पुष्पांजली टुडे**
**आगरा ।** खेरागढ़ तहसील की ग्राम पंचायत घुसियाना निवासी पीड़ित महिला की सुबह 8 बजे से लगभग 12,40 तक थाना कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई वही महिला थाने में सुबह 8ः00 बजे से तहरीर लेकर थाने के चक्कर लगा रही है। पीड़िता का आरोप है कि खेत के पैसे लेने के लिए गई थी और मेरे साथ आरोपी डालचंद ने मेरे साथ छेड़छाड़ और यौन संबंध बनाने की कोशिश की और मेरे साथ उसकी पत्नी और दो अन्य व्यक्ति ने गंभीर मारपीट की और भद्दी भद्दी गाली दी। मैं नहीं खेरागढ़ थाना कोतवाली पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सुबह 8ः00 बजे तक से थाने में तहरीर लेकर बैठी हूं पर पुलिस ने मेरी कोई सुनवाई नहीं की और मुझे पुलिस समझाने की वजह धमका रही है कि आप झूठा आरोप क्यों लगा रही हो महोदय आपसे निवेदन है कि मेरी कठोर से कठोर कार्रवाई कराने की कृपा करें।

**महिला ने लगाई उपजिलाधिकारी खैरागढ़ से गुहारः** वही उक्त सम्बन्ध में पत्रकारों ने थाना प्रभारी बलवान सिंह से बात करने की कोशिश तो वही थाना प्रभारी खेराग?



### सेवा एवं समर्पण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर किसानों को दिए जायेंगे पौधे

**गौरव शर्मा**
**पुष्पांजली टुडे**
**पोरसा ।** प्रेम मेडिकल स्टोर पर मंडल अध्यक्षगण , प्रभारी वा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ 7 ह्रष्ह्लशड्ढद्गह्म् को सेवा एवं समर्पण कार्यक्रम समापन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक हुई जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी के द्वारा वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से सभी किसान भाइयों एवं कार्यकर्ताओं को कृषि उपज मंडी गल्ला मंडी में दोपहर 2ः00 बजे से संबोधित करेंगे और सभी को एक थैले में फलदार छायादार 5 पौधे व बीज आदि का वितरण निशुल्क किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से नगर प्रभारी साहिब सिंह तोमर ग्रामीण प्रभारी मुन्ना सिंह तोमर नगरा प्रभारी आनंद सिंह तोमर नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुरुषवाक्कम एंड तन्डियारपेट तालुका पौन ब्रोकेर्स एसोसिएशन

### बाहरवां मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ

**पुष्पाजंली टुडे।** चैन्नई=- पुरुस्वाक्कम एन्ड तन्डियारपेट तालुका पौन ब्रोकेर्स एसोसिएशन÷ एवं श्री सीरवी समाज साहूकारपेट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 3 अक्टूबर 2021 को मिंट स्ट्रीट में स्तिथ श्री सीरवी समाज भवन श्री आईमाताजी मंदिर परिसर में बाहरवां मुफ्त नेत्र चिकित्सा एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया।अग्रवाल नेत्र चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों की टीम की अगुवाई में इस शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में इस बार विशेष तौर पर सुविख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पदमकुमार जैन अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए मौजूद थे।इसके अतिरिक्त शिविर में मौजूद लाभार्थियों की बी पी और शुगर की मात्रा की मुफ्त जाँच की गई।नेत्र एवं चर्म रोग चिकित्सा के अलावा इस बार के शिविर में देश के प्रसिद्ध एकुपंचर विशेषज्ञ सुरेश जैन ने विभिन्न प्रकार के रोगों का एक्यूपंचर पद्धिति से उपचार किया।इन रोगों की श्रेणी में उच्च रक्तचाप, जो?ो का दर्द,गठिया, सिर दर्द आदि विशेष रहें।

शिविर का संचालन और समन्वय पुरुषवाकम एन्ड तन्डियारपेट तालुका पौन ब्रोकेर्स एसोसिएशन के सचिव आर. कालूराम सौलंकी और सीरवी समाज साहूकारपेट के



सचिव खंगारराम देव?ा ने ?िया।शिविर का व्यवस्थापन सीरवी समाज साहूकारपेट के कार्यवाहक अध्यक्ष गौतमचंद सोलंकी , कोषाध्यक्ष रूपाराम काग और संस्था की कार्यकारिणी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। शिविर रविवार प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चला।एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ सुरेश जैन द्वारा 29 रोगियों का विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओ के लिए उपचार किया गया।शिविर में आए लगभग 49 चर्म रोगियों ने डॉक्टर पदम जैन से मुफ्त परामर्श प्राप्त किया।वहीं मधुमेह ओर उच्च रक्तचाप से पी?ित 82 रोगियों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाकर मुफ्त परामर्श प्राप्त किया।शिविर में अग्रवाल आई हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों से मुफ्त नेत्र चिकित्सा प्राप्त करने वाले कुल 149 नेत्र रोगियों में से 18 रोगियों का मोतिया का ऑपरेशन किया गया,साथ में 87 रोगियों को आगामी रविवार को मुफ्त में चश्में वितरित किए जाएंगे।शिविर की गतिविधियों का आकस्मिक अवलोकन करने पहुंचे सहायक पुलिस आयुक्त(फ्लॉवर बा?ार) बालकृष्णन प्रभु ने शिविर की प्रशंसा की और अपने हाथों से चलने में असमर्थ 11 वृद्धों को बैसाखियां वितरित की।उनके साथ सेवन वेल्स थानाधिकारी कानून व्यवस्था मनोरमणि भी शिविर को देखने के लिए पहुंची थी। शिविर के आयोजन में कोविड दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया गया।

# स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी सप्ताह के कार्यक्रमो का समापन फूलबाग में स्थिति राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की पृतिमा पर माल्यार्पण के किया

**महेंद्र शर्मा,रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे ।**
**ग्वालियर ।** स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी सप्ताह पं दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म दिवस 25 सितंवर से गांधी जयंती 2अक्टूवर तक पृति वर्ष मंच द्वारा मनाया जाता है।

**स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता :** जन मानस के साथ गोष्ठिया कर स्वदेशी का पृचार करते हैं और रोजमर्रा के जीवन में स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग करने का आग्रह करते है।

2 अक्टूवर गांधी जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की पृतिमा पर माल्यार्पण कर स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओ ने फूलबाग में उपस्थित केंसर नरसिग कालेज, गेरा राजा मेडीकल कालेज के नरसिग तराय फेमिली प्लानिंग एसोसिएसन के स्टाफ को स्वदेशी जागरण मंच के कार्यो की जानकारी दी वो स्वदेशी वस्तुओ के खरीदने का आग्रह किया स्वदेशी वस्तुओ सामान चिन्हांकित करने के लिए सामान का नाम स्वदेशी है या विदेशी की सूची वितरित की स्वदेशी का जय



घोष किया।इस अवसर पर डा श्रीमती विंदू सिंगल,छिला कुष्ट अधिकारी डा मनीष शर्मा जी मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ,डा नोडिया जी विशेष रूप से उपस्थित रहे उनको स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग करने का आग्रह करते हुए पत्रक दिए इसके बाद मंच के कार्यकर्ता ने श्रधेय लाल वहादुर शास्त्री की पृतिमा पर माल्यार्पण किया जय घोष किया और कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत पृांत जिला ग्वालियर के संयोजक के सी शर्मा,जिला लश्कर के संयोजक महंत कौस्तुभ शर्मा एडवोकेट जिला ग्वालियर के कोष पृमुख डा गोपाल गुप्ता जिला ग्वालियर के पत्रिका पृमुख पृदीप लक्षणे, युवा कार्यकर्ता पृणव गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी जिला ग्वालियर के संयोजक के सी शर्मा ने पृेस विज्ञप्ती में पृकाशनार्थ पृेसित की



### पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद ने किया वृक्षारोपण

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
भिण्ड( मछंड)।मछंड के संतोषी माता मंदिर परिसर में पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह,जिला पंचायत उपाध्यक्ष महाराज सिंह कुशवाह,पूर्व चेयरमैन जिला सहकारिता भिंड उदय प्रताप उर्फ राजा बाबू सेंगर,रोन जनपद अध्यक्ष ऊषा गोपाल सिंह राजावत, मछंड पुलिस चौकी प्रभारी ध्यानेंद्र सिंह यादव,पचोखरा सरपंच सुरेंद्र कुशवाहा,ग्राम पंचायत सचिव रविंद्र उर्फ गुट्टे श्रीवास्तव,सहायक सचिव रामू सिंह राजावत द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ,कमेटी अध्यक्ष रामसनेही राठौर,जनपद सदस्य रणवीर सिंह राजावत नंदना,नंदना सरपंच जगदीश सिंह राजावत,पूर्व जनपद अध्यक्ष ओंकार लारोल,जिला पंचायत सदस्य वकील सिंह यादव,ग्राम पंचायत सचिव बोनापुरा यदुवीर उर्फ जयराम सिंह राजावत लोहचरा,राम कृपाल सिंह राजावत पचोखरा, ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

# अपराध रोकने में पुलिस की मदद करें परिषद की महिला शाखा: डीएसपी पूनम थापा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

(भारत विकास परिषद की अनूठी पहल)

**भिण्ड।** जिले में फैले महिला अपराध, महिला उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा के विरुद्ध भारत विकास परिषद की महिला शाखा जागृति को पुलिस प्रशासन की मदद हेतु आगे आना होगा। इस हेतु सदैव पुलिस प्रशासन सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। उक्त विचार महिला सेल डीएसपी पूनम थापा ने भारत विकास परिषद की नवीन महिला इकाई शाखा जागृति की स्थापना एवं दायित्व ग्रहण समारोह में कही। डीएसपी ने कहा कि एक ओर जहां भिंड में ग्रामीण परिवेश होने के कारण जागरूकता का अभाव है ऐसे में 50 महिलाओं को एकत्र कर भारत विकास परिषद की महिला विंग शहर में निश्चित ही जागरूकता एवं सेवा कार्य में अग्रणी साबित होगी। राज्य महिला आयोग की



पूर्व सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर ने महिला शाखा की स्थापना पर सबको बधाई दी एवं हरसंभव कार्य में सहयोग करने का वचन दिया। जिले की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ अंशु मिश्रा ने भारत विकास परिषद की इस नवीन महिला शाखा में स्वयं शामिल होने का आग्रह करते हुए सभी उपस्थित महिलाओं को स्वयं एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। शाखा संरक्षक डॉ उमा शर्मा ने सभी महिला सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें अपनी तरफ से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत के प्रांतीय महासचिव मुरैना से पधारे अमित जैन ने कहा भारत विकास परिषद ही एकमात्र



ऐसा सामाजिक संगठन है जो सेवा के अतिरिक्त संस्कार पर भी बल देता है। उन्होंने बताया कि भिंड की यह महिला शाखा जागृति मध्य भारत उत्तर प्रांत की बीसवीं शाखा है एवं तृतीय महिला शाखा है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मां भारती स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजली और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। स्वागत भाषण शाखा अध्यक्षा श्रीमती आभा जैन के द्वारा दिया गया और परिषद की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत के संयोजक एवं शपथ विधि अधिकारी श्रवण पाठक ने समस्त नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को मंच पर क्रमशः बुलाकर उनके दायित्व और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के तत्काल बाद समस्त नवीन सदस्यों को मंच पर बुलाकर सदस्यता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व श्रवण पाठक ने नवीन महिला शाखा के गठन में किए गए प्रयासों एवं 50 सदस्यों को जोड़ने संबंधी जानकारी दी।

संपूर्ण कार्यक्रम की छटा देखने लायक थी। महिला शाखा का गठन हो रहा था, महिला पदाधिकारी शपथ ले रही थी, महिला अतिथि मंच पर आसीन थी और जिले में विशिष्ट कार्य और उपलब्धि हासिल करने वाली बेटियों और महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा था। फोटो नहीं चाहते समस्त मातृशक्ति की प्रसन्नता और स्वाभिमान देखने लायक था। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समय था विशिष्ट उपलब्धि 2021 नामक सम्मान समारोह का। वर्ष 2021 में शहर में जिले में बेटी एवं महिलाओं के द्वारा किए जा रहे विशिष्ट कार्य अथवा उपलब्धि पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशिष्ट उपलब्धि सम्मान 2021* डीएसपी पूनम थापा को जिले में प्रभावी अपराध नियंत्रण के लिए ,श्रीमती रमन मित्तल को आजीवन समाज सेवा के लिए, श्रीमती ममता मिश्रा विपरीत स्थितियों में आंगनवाड़ी में कार्य करते हुए घर एवं समाज हित में कार्य करने के लिए, श्रीमती कमलेश जुनेजा को सिलाई को अपना मुख्य हथियार बनाकर अजीब का बनाने एवं मिसाल कायम करने के लिए, कुमारी श्रेया यादव को कैन उस अलार्म में गोल्ड मेडल के लिए, कुमारी सलोनी जैन कला के क्षेत्र में विशिष्ट स्केच आर्टिस्ट के लिए, कुमारी राखी वर्मा को एक पुत्र की तरह बीमार पिता का पोषण करने के लिए, और जिले में लिंग अनुपात को समान करने के लिए कन्या स्वागत का कार्य कर रहे कैंप संगठन को सम्मानित किया गया। डॉ उमा शर्मा संरक्षक, आभा जैन अध्यक्ष, दिव्या श्रीवास्तव सचिव, अरुणा पाठक कोषाध्यक्ष, उषा नगरिया उपाध्यक्ष, निशी गुप्ता उपाध्यक्ष, योग प्रमुख, एडवोकेट रश्मि भदोरिया एवं शिखा चावला संयोजक सेवा प्रकल्प।

## वन-टू-वन

### अम्बाह न्यायालय ने राष्ट्रीय बिधिक सेवा प्राधिकरण मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शहर में जागुरूकता प्रभात फेरी निकाली...



**केशब पंडित जी**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री सुबोध कुमार जैन एवं सचिव/जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे दिनांक 02/10/2021 से दिनांक 14/11/2021 तक आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज दिनांक 02/10/2021 को तहसील न्यायालय अम्बाह से प्रभात फेरी रैली का आयोजन किया गया। उक्त रेली कार्यक्रम में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार, तहसील न्यायालय अम्बाह में पदस्थ पंकज कुमार जैन प्रथम जिला न्यायाधीश अम्बाह, व्ही. पी. एस. चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, नितिनेन्द्र सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, मीनाक्षी दंदेलिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ अम्बाह रामसेवक शर्मा, एजीपी एवं अन्य अधिवक्तागण, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अम्बाह डॉ. डी. एस. यादव अम्बाह, तहसील न्यायालय अम्बाह में पदस्थ समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण, समस्त पेनल अधिवक्तागण, समस्त पी एल व्ही, पीजी महाविद्यालय अम्बाह में पदस्थ मेजर व्ही के जैन, कैप्टन मनोज कुमार शर्मा एवं लेफ्टिनेंट मंजू तोमर एवं उनके विद्यालय के हृष्ट एवं हस्र कैडेट एवं पुलिस विभाग ने भागीदारी की।

### चोरों के हौसले बुलंद विद्यालय में की चोरी




**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं में वृद्धि होते जा रही है। घरों में घरेलू सामानों की चोरी आम बात है लेकिन विद्या का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में चोरी एक बड़ी घटना है। क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। लेख है कि विगत कुछ दिनों से अज्ञात उपद्रवियों द्वारा शाला भवन में उपद्रव किया जा रहा है, तथा ग्रील तोड़कर चोरियां की जा रही है। पुर्व में 2 बार चोरियां की जा चुकी है जिसमें एक सिलिंग फेन,बल्ब, प्लास्टीक कुर्सी चोरी हो चुकी है। वही शनिवार और सोमवार के मध्य भी चोरी की घटना उजागर हुई है। घटना की जानकारी तब प्राप्त हुई जब दिनांक 1-10-2021 दिन सोमवार को प्रातः स्कुल समय पर भवन खोलने पर पाया गया कि खिड़की की ग्रील उखाड़ी गई तथा कमरे में घुसकर विद्युत बोर्ड जिसका आकार 6म8 था को दिवार से उखाड़ कर तथा होल्डर से एलईडी बल्ब चोरी कर लिया गया है। एक ओर देखा जाए तो यदि शाला में रखे महत्वपूर्ण अभिलेख एवं शैक्षणिक सामान पर चोर हाथ साफ करते तो बड़ी समस्या खड़ी हो जाती। इस संबंध में लांजी पुलिस से अज्ञात चोरों पर अंकुश लगाने कार्रवाई की मांग शाला के प्रधानपाठक एवं शाला प्रबंधन समिति ने की है।

# बाणियावास प्रशासन गांवों के संग शिविर में 161 पट्टे जारी किए

**जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप ने किया निरीक्षण**

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली। राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान के अंतर्गत पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाणियावास में शिविर का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर से राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग एवं शहरों के संग अभियान प्रारंभ किया गया ।जिसके माध्यम से आमजन की जन समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर शिविरों में पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को राजस्व पंचायत राज सामाजिक न्याय अधिकारिता सहित 22 विभागों की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इसके लिए जिले में सभी आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर ली गई थी

जिले में तीन चरणों में 70 दिन तक चलने वाले इस अभियान में ग्राम स्तर यूआईटी नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में शिविर लगाकर सरकारी योजना के लाभ विभागों में अटके कार्य प्री कैंपों में प्राप्त परिवेदनाओं के साथ मौके पर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को पहले दिन राहत प्रदान की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152 वी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2021 जिले के अलग-अलग उपखंड स्तर पर प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित किए गए। पाली उपखंड में सर्वप्रथम सोडावास ग्राम पंचायत पर शिविर आयोजित किया गया। प्रशासन गांवों के संग दूसरा शिविर बाणियावास ग्राम पंचायत पर आयोजित किया गया।प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान आम आदमी के समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाए साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से आने वाली समस्याओं का निस्तारण करने हेतु शिविरों में मौजूद रहे। प्रशासन गांवों के संग अभियान



शिविर में ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर दसों पंचायत समिति में आयोजित शिविरों में उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी समेत विभाग के विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे।। इनमें पटो का विवरण बटवारा जमीन संबंधित विवाद अतिक्रमण आबादी भूमि विस्तार मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री आवास योजना भूमि आवंटन संबंधित प्रकरण सड़क पेयजल बिजली संबंधित मामले भूमि अधिकरण जन औषधि स्वास्थ्य परीक्षण दवा वितरण चिरंजीवी योजना फसल बीमा कृषि संबंधित कार्य योजना पालनहार योजना खाद्यान्न सुरक्षा योजना में पात्र के नाम जोड़ने एवं पात्र के हटाने। जन औषधि पौध वितरण जन समस्या का समाधान किया गया। बाणियावास ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान में161 पट्टे जारी किए गए।

# मांग पुर्ण नहीं होने पर कोटवार चौकीदार संघ भूख हड़ताल पर



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** समुचे मध्यप्रदेश के साथ साथ जिले की विकासखंड लांजी अंतर्गत आने वाले समस्त कोटवारों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल में बैठने हेतु ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में लेख था कि कोटवारों के द्वारा अनेक बार शासन को अपनी मांगों के समर्थन से अवगत कराया गया, लेकिन वर्तमान समय तक उनको शासकीय कर्मचारी का पद ना देते हुए उनके ऊपर कुठारघाट किया जा रहा है। वर्तमान में महंगाई को ध्यान में रखते हुए कम से कम कलेक्ट्रेट से बराबर परिश्रमिक दिया जाना चाहिए। यह कोटवारों को प्रदाय की भूमि को भूमि स्वामी हक दिया जाना उचित होगा। परंतु शासन ने इन मांगों की ओर ध्यान नहीं दीया। जिसके चलते दिनांक 4 अक्टूबर से ग्राम रक्षक कोटवार चौकीदार संघ लांजी तहसील कार्यालय के सामने भुख हड़ताल पर बैठे हैं। संघ का कहना है कि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो भुख हड़ताल आंदोलन में तब्दील हो जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन का लखीमपुर घटना पर राष्ट्रपति को ज्ञापन

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली ।** रोहट भारतीय किसान यूनियन टिकैत गैर राजनीति संगठन पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में किसानों को रौंदकर हत्या करने के विरोध में सोमवार को भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम पाली जिला अति. कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । जागरवाल ने ज्ञापन में बताया कि 3 अक्टूबर 2021 देश के किसानों के लिए काला दिवस के रूप में जाना जाएगा। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में शन्तिप्रिय आन्दोलन करने वाले किसानों पर भाजपा के केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र द्वारा किसानों पर गा?ी चलाकर उन्हें रौंदकर उनकी हत्या कर दी गई, यह देश के लिए शर्मनाक घटना है। ऐसी घटना आजादी 75 वर्षों में कभी नहीं हुई। देश में हर संगठन अपनी बात मनवाने के लिए आन्दोलन करता है, उसी प्रकार किसान अपनी बात को सरकार और प्रशासन के माध्यम से रख रहे हैं। लेकिन अंग्रेजी हुकूमत की



तरह तानाशाह, हिटलर की भांति आन्दोलन को कुचलने के लिए किसानों की हत्या की जा रही है, जिससे पूरे देश के किसानों को भारत सरकार व भाजपा के केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा के प्रति भारी आक्रोश है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि इस घटना के जिम्मेदार अजय मिश्रा के पुत्र व हमलावारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हो। लखीमपुर की घटना की सुप्रीम कोर्ट के जज महोदय से न्यायिक जांच कराई जाए और केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा को तुरन्त प्रभाव से पद से हटाया जाए। ज्ञापन के दौरान केन्द्र की भाजपा सरकार व भाजपा के मंत्री के विरूद्ध जोरदार नारेबाजी की और कलेक्टर कार्यालय के बाहर किसान बैठकर ''रघुपति राघव राजाराम पतीत पावन सीताराम'' के भजन गाकर व दो मिनट का मौन रखकर शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पीराराम पटेल राणा, महासचिव प्रेमसिंह मे?तिया रामाजी गु?ा, दीपक शर्मा, आई.टी. सेल, सहित अनेक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी को लेकर भिंड कांग्रेस ने किया योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**(किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह)**

**भिण्ड।** विगत दिनों पहले खीरी लखीमपुर में किसानों की हुई निर्मम हत्या को लेकर किसानों का समर्थन करने पहुंची कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी को लेकर जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परेड चौराहे पर 4 अक्टूबर शाम 07 बजे सोमवार को पुतला दहन किया। बता दें कि खीरी लखीमपुर में तत्कालीन उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में किसानों की हत्या के आरोपों को लेकर किसानों का समर्थन करने पहुंची जहां पर उत्तर प्रदेश की पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ना सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया बल्कि पुतला दहन कर यूपी पुलिस एवं यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी कर काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जाहिर की। इतना ही नहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि पहले से ही तीन कृषि काले कानून लागू करके किसानों को सताया जा रहा था जिस का विरोध करने वाले किसानों के साथ क्रूरता एवं तानाशाही कर हत्या की जा रही है।किसानों का समर्थन करने वालों को हिटलर शाही के चलते गिरफ्तार किया जा रहा है कहने को तो भारत में हर इंसान को अपनी बात कहने का पूर्ण अधिकार है लेकिन भाजपा की तानाशाही शासन के कारण आज किसान अपनी बात को कह नहीं पा रहा है। जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा कि किसानों के साथ इस प्रकार की बर्बरता निंदनीय है। अगर प्रियंका गांधी से माफी नहीं मांगी गई तो पूरी कांग्रेस किसानों के समर्थन में और तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर होगी। जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा अपने मद में भूल चुकी है कि भारत देश कृषि प्रधान देश है बावजूद इसके किसानों की हत्या की जा रही है। इस घटना को लेकर पूरे भारत में भाजपा के प्रति विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। यह भाजपा जो किसानों के साथ अत्याचार कर रही है वही किसान आने वाले वर्षो में इसका जवाब उनको देगी। इसके लिए भाजपा तैयार रहे। आने वाले समय में कांग्रेस भाजपा को उखा? फेंकने का काम करेगी।



# किसानों के सामने गहराया खाद का संकट।

**खाद की कमीं को देख बेचैन हुए किसान, दिनभर लाइन में ख? रहकर करते इंतजार शाम को लौटे खाली हाथ, प्रशासन का दावा भरपूर है डीएपी-यूरिया।**

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।**।जिले में इन दिनों खाद का संकट किसानों के सामने गहराया हुआ है। खेतों में फसल ख?ी हुई है। अच्छी बारिश की वजह से खेतों में फसल लहलहा रही है। इधर विपणन साख संस्थाओं पर किसान दिनभर कतार में ख? रहते है। इसके बावजूद शाम को कई किसानों को खाली हाथ लौटना प? रहा है।सोमवार की देर शाम को कई किसान एक बार फिर से कृषि उपज मंडी स्थित पर्ची काउंटर से मायूस होकर लौटे। जब स्थानीय मीडिया कर्मियों द्वारा खाद की उपलब्धता की जानकारी ली गई तो पर्याप्त यूरिया होने की बात कही गई। वहीं, डीएपी की कमी होना बताया गया। इस तरह से किसानों को भ्रमित करके परेशान किया जा रहा है।

**खाद के लिए सुबह से करते इंतजार:** इधर, अटेर रोड निवासी किसान संजय मिश्रा ने बताया कि वो सुबह नौ बजे से लेन में लगकर खाद का इंतजार कर रहे थे। शाम के समय जब मेरा नंबर आया तब तक5 बज चुके थे। इसी तरह से सुरूर गांव के किसान गजेंद्र सिंह ने बताया कि फसल में पांच बोरी खाद की जरूरत है।तीन बोरी दे रहे है। सुबह से भूखे प्यासे लेन में ख? रहते है तब कही किसी को दो बोरी तो किसी को तीन बोरी ही मिल रही है।

**जिले के सभी गोदाम में पर्याप्त है खाद:** इस पूरे मामले में विपणन सोसाइटी के प्रबंधक अमित गुप्ता का कहना है कि खाद की उपलब्धता पर्याप्त है। जिले के 56 गोदामों में खाद को रखवाया गया है।

## नैनो न्यूज

### प्रियंका गांधी को गिरफ्तार करने पर फूलबाग चौराहा पर धरना 5 अक्टूबर को : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

**ग्वालियर** । शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी को उप्र की भाजपा सरकार के द्वारा गिफ्तार करने के विरोध मे आज 5 अक्टूबर को सांयकाल 4 बजे फूलबाग चौराहा पर विशाल धरना दिया जाएगा। शहर जिला काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिस अलोकतांत्रिक ढंग से तानाशाही, हिटलरशाही करते हुए किसानो के दुख में शमिल होने जा रही श्रीमती प्रियंका गांधी को गिरफ्तार करके भाजपा सरकार संविधान विरोध कार्य कर रही है, शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा फूलबाग चौराहा पर धरना देकर भाजपा सरकार का गांधीवादी तरीके से विरोध किया जाएगा। धरने में विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, प्रदेश कांग्रेस, शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, विभाग प्रकोष्ठ सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

### प्रोफेसर के सूने घर से लाखों की चोरी

**ग्वालियर** । शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलएनआईपीई कॉलेज परिसर मे रहने वाले प्रोफेसर के सूने घर का दरवाजा तोड़ कर चोर नगदी, गहने सहित अन्य कीमती माल समेट ले गए। जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित एलएनआईपीई कॉलेज परिसर निवासी पवन कुमार दास पुत्र पावनेश्वर दास प्रोफेसर हैं और 23 सितम्बर को अपने परिवार से मिलने के लिए गए थे और घर की देखरेख के लिए पड़ोसियों से बोला था। बीते रोज वह वापस आए तो घर का गेट टूटा पड़ा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था।जानकरी मिलते ही पुलिस को सूचना दी। एलएनआईपीई परिसर में प्रोफेसर केघर चोरी का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक फांसी पर झूला

**ग्वालियर** । शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित ताराबाई की गली इस्लामपुरा में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी अमजद खान पेशे से कारपेंटर थे। बीते रोजे बार आया क्या आया और कमरे में चला गया कुछ देर बाद परिजन कमरे में आए तो युवक का फांसी के फंदे पर लटक रहा था ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दोस्त पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**ग्वालियर** । शहर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित आदित्यपुरम में 1 मई को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आदित्यपुरम निवासी सत्येंद्र तोमर ने 1 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला सतेंद्र पुलिस में एसआई की भर्ती की तैयारी कर रहा था सत्येंद्र ने कुछ समय पूर्व दीपक श्रीवास नामक युवक को एक लाख 65 हजार रुपये उधार दिए थे जब सतेंद्र रुपए वापस मांगे तो दीपक ने रुपए लौट आना शुरू कर दिए। लेकिन ?75000 रोक लिए जब सत्येंद्र दीपक द्वारा दिया गया चेक लगाया तो वह भी बाउंस हो गया। इससे वह परेशान होने के बाद जब पैसे नहीं मिले तो सरकार ने फांसी लगाकर जान दे दी और सुसाइड नोट में पूरी जानकारी लिख दी पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# सतीश सिकरवार की फिसली जुबान जोश में लगा दिया नारा प्रियंका गांधी मुर्दाबाद

**ग्वालियर।** ग्वालियर में यूपी के लखीमपुर खीरी मामले में योगी सरकार का पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन करने पहुंचे कांग्रेसियों को उस समय लेने के देने पड़ गए जब कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने जोश-जोश में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी मुर्दाबाद कह गए। उनके मुंह से निकले शब्द पास ही खड़े कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने सुने तो वह तत्काल पलटे। इस समय तक कांग्रेस विधायक को भी अपनी जुबान फिसलने का अहसास हो चुका था।

फिर क्या इसके बाद तो उन्होंने एक दर्जन बार प्रियंका गांधी जिंदाबाद कहा, लेकिन उनके मुर्दाबाद का नारा वहां खड़े लोगों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब इस पर कांग्रेस विधायक को जवाब नहीं देते बन रहा है।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत और केन्द्रीय राज्यमंत्री के बेटे सहित 14 पर हत्या का मामला दर्ज होने के मामले में यूपी सरकार और ष्टरू योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन और आक्रोश व्यक्त करने के लिए कांग्रेस ने सोमवार शाम को फूलबाग चौराहा पर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में ग्वालियर पूर्व विधानसभा से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा मौजूद रहे। फूलबाग पर यूपी के सीएम योगी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई।



**ऐसे फिसली विधायक सतीश की जुबान:** जब पुतला दहन चल रहा था तो कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार पुतला को पकड़कर जोश-जोश में नारेबाजीकर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने बोला राहुल गांधी जिंदाबाद पीछे से कार्यकर्ताओं ने भी कहा जिंदाबाद। इसके बाद सोनिया गांधी जिंदाबाद कहा। यहां तक तो ठीक था। पर इसके बाद जोश-जोश में उनके मुंह से प्रियंका गांधी मुर्दाबाद निकल गया। यह सुनते ही पास खड़े कांग्रेस नेता सुनील शर्मा आश्चर्य चकित रह गए। पर अब तक विधायक को भी अपनी गलती समझ में आ गई थी। उन्होंने तत्काल बात को संभालते हुए प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। करीब 10 बार यह नारा बार-बार लगाया जिससे मुर्दाबाद को लोग भूल जाएं। पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ गया है और काफी चर्चित भी हो रहा है।

# ग्वालियर दुर्ग पर गुरू हरिगोबिंद साहिब के जीवन पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगी

### सांसद श्री शेजवलकर ने किया उदघाटन

**ग्वालियर।** सिक्खों के छठवें गुरू हरिगोबिंद साहिब जी के जीवन वृतांत पर आधानित चित्र प्रदर्शनी का सोमवार को सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने उदघाटन किया। दाताबंदी छोड़ दिवस के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह प्रदर्शनी ग्वालियर किला स्थित गुरूद्वारा परिसर में पंजाबी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद और राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लगाई गई यह प्रदर्शनी 6 अक्टूबर तक लगी रहेगी। श्री शेजवलकर एवं अन्य अतिथियों ने दाताबंदी छोड़ गुरू हरिगोबिंद साहिब के जीवन पर केन्द्रित पुस्तक का विमोचन भी इस अवसर पर किया। चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, संत श्री दंदरौआ महाराज, ढोली बुआ महाराज, समर्थ तीर्थ महाराज व बाबा देवेन्द्र सिंह जी सहित अन्य संतजन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पंजाबी साहित्यकार एवं वरिष्ठ कवि श्री हरभजन सिंह देओल, पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक श्रीमती नीरू सिंह ज्ञानी तथा श्री धर्मेन्द्र सिंह राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने इस अवसर पर कहा कि गुरू हरिगोबिंद साहिब जी ने अपना सारा जीवन धर्म, संस्कृति एवं देश की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। गुरू हरिगोबिंद साहिब ने भक्ति और शक्ति के रूप में दो तलवारें धारण कीं। उन्होंने यह संदेश दिया कि भक्ति के लिए शक्ति और शक्ति पर भक्ति का नियंत्रण जरूरी है। श्री शेजवलकर ने कहा कि सिक्ख धर्म की महान परंपरा व निष्ठा सभी के लिए अनुकरणीय है।



संत श्री दंदरौआ महाराज ने कहा कि सेवा ही भक्ति है। इसी भाव के साथ सिक्ख समाज जनसेवा में जुटा है। साथ ही सिक्ख समाज द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए वृहद स्तर पर किया जा रहा वृक्षारोपण सभी के लिए अनुकरणीय है। संत श्री ढोली बुआ महाराज एवं समर्थ तीर्थ महाराज ने सिक्ख धर्म की अच्छाईयों पर प्रकाश डाला। सिक्ख समाज की मान्यता है कि एक ही नूर से सारा जग उपजा है। यदि सभी लोग इस सूत्र को अपने जीवन में ढाल लें तो अशांति, अज्ञानता व बैर भाव स्वत~ ही समाप्त हो जाएगा। संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागर ने कहा कि सिक्ख गुरूओं ने पूरे समाज को जोड़कर प्रेम भाव का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक आनंद ने किया।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान का शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया:** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दाताबंदी छोड़ दिवस के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्वालियर में आयोजित हुए कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ भेजी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि गुरू हरिगोबिंद साहिब ने राष्ट्र रक्षा, न्याय व धर्म के लिए मीरी-पीरी (भक्ति और शक्ति) का आह्वान कर धर्म व समाज की रक्षा की अलख जगाई। गुरू हरिगोबिंद साहिब जी के कृतित्व लोक मानस के लिये प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया।

**गुरू हरिगोबिंद साहिब के जीवन के विविध पहलुओं पर केन्द्रित है प्रदर्शनी:** गुरू हरिगोबिंद साहिब जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी में उनके परोपकारी कार्यों को उजागर किया गया। साथ ही उनके जन्म से लेकर महाप्रयाण तक की सम्पूर्ण जीवन यात्रा और उनके परोपकारी कार्यों को चित्रों के माध्यम से बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

### सम्पति कर शिविर का आयोजन आज 'चेम्बर भवन' में

**ग्वालियर** । एमपीसीसीआई की माँग पर नगर-निगम, ग्वालियर द्वारा आज मंगलवार, 05 अक्टूबर को प्रातः 11.00 से सायं 05.00 बजे तक 'सम्पत्ति कर शिविर' का आयोजन श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया सभागार (चेम्बर भवन) में किया गया है । शिविर का उद्घाटन आयुक्त, नगर-निगम, श्री किशोर कान्याल जी द्वारा किया जाएगा । एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि 'चेम्बर भवन' में आयोजित आज के शिविर में शहर में कहीं का भी सम्पत्ति कर, 6ज्ञ् छूट के साथ बगैर 'गारबेज शुल्क' के जमा होगा तथा शिविर में जल कर

# आइसक्रीम के 120 रुपए मांगने पर बाइक सवार बदमाशों ने सड़क पर पीटा



**ग्वालियर।** ग्वालियर में दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने आइसक्रीम तो खा ली, लेकिन जब 120 रुपए बिल चुकाने का मौका आया तो धीरे-धीरे वहां से खिसकने लगे। जब आइसक्रीम पार्लर वाले ने रुपए मांगे तो बाइक सवार युवकों को सभी के सामने यह हरकत नागवार गुजरी। फिर क्या था उन्होंने आइसक्रीम वाले को सरेराह सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। साथ ही उसका मोबाइल, 18 हजार रुपए लूट ले गए हैं। घटना इंदरगज में गुरुद्वारा चौराहा के पास की है। घायल आइसक्रीम वाला इंदरगंज थाने पहुंचा है। यहां लूट की शिकायत की है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। घटना की सच्चाई पता करने पुलिस स्पॉट पर पहुंची तो वहां लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में मारपीट व लूट की पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

**यह है पूरा मामला:** शहर के दाना ओली फौजदारों का मोहल्ला निवासी नारायण दास चौरसिया आइसक्रीम बेचने का काम करता है। रविवार रात 11.45 बजे वह डीडी मॉल के पास गुरुद्वारा चौराहा पर अपना आइसक्रीम कार्ट (ठेला) लगाकर खड़ा था, तभी उसके पास दो बाइक पर सवार होकर चार युवक आए उन्होंने आइसक्रीम खाने के लिए मांगी। उन्होंने जितनी आइसक्रीम मांगी नारायण दास देता गया। जब बाइक सवार आइसक्रीम खाकर बिना पैसे दिए चल दिए तो आइसक्रीम वाले ने उन लोगों से पैसे मांगे। बस फिर क्या था बदमाशों का पारा चढ़ गया और उन्होंने पहले उसको धमकी दी। धमकी के बाद आइसक्रीम बेचने वाले से विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि चारों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। वहीं चारों बदमाशों ने उससे मोबाइल और 18 हजार रुपए भी छीन लिए। रुपए, मोबाइल छीनने के बाद चारों बदमाश वहां से भाग निकले। मारपीट के दौरान घायल हुआ नारायण पुलिस थाने जा पहुंचा।

# बेटी को न्याय मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई सौपा ज्ञापन- ब्राह्मण महासभा

**ग्वालियर।।** अखिल भारतीय ब्राहाम्ण महासभा(सनातन) ग्वालियर मप्र इकाई द्वारा सागर में हुई ब्राहाम्ण परिवार के घटना के तारत्म्य मेंराज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर ग्वालियर को दिया। ब्राह्मण महासभा के द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया गया कि सागर में बहन चंचल शर्मा को न्याय दिलाने के ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन सौपकर के सरकार से स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार होश में आओ आवाज को दबाना बन्द करो अन्याय नही छुपता ब्राह्मण उठा है अब ललकार नही सहेगा। ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पं छुन्ना थापक ने बताया कि ब्राह्मण महासभा के नेतत्व में पूरे प्रदेश में ज्ञापन सौंपा जाएगा जव तक हमारी बहन को न्याय नही मिल जाता है। यह बरदाश्त के बाहर है अब अन्याय किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा। ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी पं विजय शर्मा ने बताया कि सेमरा लहरिया की आगजनी वाली घटना में पीड़ित चंचला शर्मा अभी तक न्याय से बंचित है अपराधियो को किसी भी कीमत में बक्शा नही जाएगा। वरिष्ठ पराधिकारी व ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता पं कृष्णकांत तिवारी ने बताया कि अँधा कानून और ब्राह्मण विरोधी ताकतें आँखें खोलकर देख लें, लाख षड्यंत्र , लोभ लालच , और भीतर घात के बाद इतना जनसैलाब अपनी बहिन को न्याय दिलाने उमड़ पड़ा निश्चित रूप से सागर की धरती पर पहली बार उमड़ी इस ऐतिहासिक ब्राह्मणों की भीड़ ने सरकार के माथे पर चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि इस जनसैलाव से अब निकट भविष्य में कई राजनेताओं के सियासी गणित गड़बड़ा सकते हैं साथ ही उनके मंसूबे फैल हो सकते हैं।



## घर के बाहर खेल रहे 3 साल के बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, पैर में 4 जगह टूटी हड्डी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रफ्तार के शौकीन एक युवक ने सड़क पर खेल रहे मासूम को तेज टक्कर मार दी। इतना ही नहीं सड़क पर गिरे मासूम के पैर पर बाइक सवार पहिया चढ़ाते हुए ले गया। घटना इंदरगंज के रामबाग कॉलोनी में तीन दिन पहले की है। बच्चा घायल होने के कारण रविवार को परिजन इलाज कराने के बाद इंदरगंज थाना पहुंचे और शिकायत की है। बच्चे के पैर में रविवार को प्लास्टर चढ़वाया गया है। इसके बाद वह रोते हुए बोला-गाड़ी वाले अंकल बहुत गंदे थे। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बाइक नंबर के आधार पर जांच की जा रही है। इंदरगंज शिंदे की छावनी रामबाग कॉलोनी निवासी ललित कुमार शाक्य एक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी है। घर पर पत्नी कल्पना शाक्य (30) और 3 साल का बेटा दक्ष उर्फ लक्ष्य था। तीन दिन पहले लक्ष्य घर के दरवाजे से निकलकर बाहर सड़क पर खेल रहा था। इसी समय गली में तेज रफ्तार में निकले बाइक नंबर स्रद्ब07 स्रष्ठ-1271 के चालक ने मासूम को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं टक्कर मारने के बाद सड़क पर गिरे बच्चे के पैर पर बाइक सवार गाड़ी चढ़ाता हुआ भाग गया। आसपास रहने वालों ने बाइक का नंबर देख लिया और घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया है। बच्चे के राइट साइड के पैर में पंजे से लेकर जांघ तक 4 से 5 जगह हड्?डी टूटी है। तीन दिन तक घायल का इलाज चल रहा था। घायल का इलाज कराने के बाद मां कल्पना उसे लेकर इंदरगंज थाने पहुंची हैं और मामले की शिकायत की है। पुलिस ने घायल की मां की शिकायत पर बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# कैट की भारत व्यापार क्रान्ति रथयात्रा 15 नबम्बर से

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल ने कहा है कि ई-कॉमर्स में सुधारों की मांग को लेकर कैट लम्बे समय से भारत सरकार से मांग कर रहा है कि इन पर नियम लागू करो और हम उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के साथ साथ सरकार के हर विभाग, हर एजैन्सी पर ई-कॉमर्स के नियमों को लागू करने के लिये प्रयास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि ''भारत व्यापार हमारा है सम्पर्ण क्रान्ति अब नारा है'' की भावना को लेकर 15 नवम्बर से कैट की भारत व्यापार क्रान्ति रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस राष्ट्रव्यापी रथयात्रा से हम बर्बाद हो रहे व्यापार को बचाने के लिये ई-कॉमर्स के नियमों को तुरन्त लागू करने की मांग सरकार से करेंगे।



ग्वालियर चम्बल संभाग में कैट के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होटल क्लार्क इन में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल रूप से सम्बोधित करते हुये कैट राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने कैट टीम में व्यवसायी श्री राजीव चडढा (चाचा जनरल स्टोर) को प्रदेश सचिव, वरिष्ठ अभिभाषक एवं पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मध्यप्रदेश शासन श्री राजीव शर्मा को प्रदेश प्रभारी एवं श्री विवेक जैन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सम्मिलित करते हुये उनके चयन एवं मनोनयन पर उन्हें बधाई प्रेषित की।



कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिये संघर्ष करने और उनके निराकरण एवं समाधान के लिये प्रयास करना हर कैट पदाधिकारी का दायित्व है। गली मौहल्ले के छोटे से छोटे व्यवसायी से लेकर हर वर्ग और हर श्रेणी के व्यापारियों को आधुनिक व्यापार की पद्धति को समझाना और प्रशिक्षित करना कैट का उद्धेश्य है। कैट महिला उद्यमियों को आगे बढाने के लिये अमूलचूक परिवर्तन कर भारत की आधी आबादी को देश की अर्थ व्यवस्था से जोडने का अदभुद कार्य कर रहे हैं और इसके लिये सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के जिलों में महिला उद्यमियों की टीम गठित की जायेगी, युवा उद्यमियों को सपोर्ट करने के लिये कैट विशेष सेल का गठन करेगी ताकि युवा उद्यमियों के माध्यम से देश की अर्थ व्यवस्था में योगदान दिया जा सके। बैठक का संचालन करते हुये कैट के प्रदेश महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने बताया कि नबम्बर माह में कैट मध्यप्रदेश टीम, कैट ग्वालियर टीम एवं महिला उद्यमियों और युवा उद्यमियों का एक सम्मेलन ग्वालियर में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित कैट के सक्रिय सदस्य श्री कृष्ण बिहारी गोयल का भी पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478